वैशाख कृष्ण पक्ष द्वितीया संवत् 2082 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-08, अंक - 288 पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांकः म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल
15 अप्रैल 2025 मंगलवार

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो


आज का मौसम
38 अधिकतम
23 न्यूनतम


Page-7



## संघ पदाधिकारी ने भाजपा को विधायक का इस्तीफा लेने की सलाह दी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

कांग्रेस के बाद अब राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के एक वरिष्ठ पदाधिकारी ने इंदौर के विधायक गोलू शुक्ला से इस्तीफा लिए जाने की मांग उठा दी है। विधायक के बेटे रुद्राक्ष द्वारा देवास में मंदिर के पुजारी व अन्य के साथ मारपीट का आरोप है। इसे लेकर तीन दिन से हंगामा मचा हुआ है। पहले पुलिस विधायक पुत्र की संलिप्तता से इंकार कर रही थी लेकिन कल रात प्रकरण दर्ज किया गया है। अब तक भाजपा की ओर से संगठन स्तर पर कार्रवाई नहीं होने से कांग्रेस आधार बना रही है। वहीं संघ के मध्यक्षेत्र कार्यकारिणी सदस्य नरेंद्र जैन ने सोशल मीडिया के फेसबुक प्लेटफार्म पर लिखा कि सत्ता के लालच में कुकत्यों को भाजपा कब तक ढोयेगी। यदि भाजपा पार्टी विथ डिफरेंस का दावा करती है तो विधायक से इस्तीफा लेना चाहिए। जैन की बात पर यूजर्स प्रतिक्रिया दे रहे हैं। किसी ने कहा कि सत्ता तो सेवा का माध्यम है लेकिन संस्कार और विचार भी पकड़ कर रखना आवश्यक है। वहीं एक ने लिखा कि नेता पुत्रों और रिश्तेदारों के सत्ता सुख पर प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए। कुछ नेताओं की दूसरी पीढ़ी तैयार हो रही है जो बेहद कमजोर चरित्र वाली है।

**देवास मंदिर में पुजारी से मारपीट मामला**

### आय बढ़ाने के लिए बन रहा नया फार्मूला, किसानों को सिंचाई, पशुपालन से जोड़ा जाएगा

# अन्नदाता मिशन की नई शुरुआत की तैयारी में सरकार, सुविधाओं का पूरा पैकेज तैयार!

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

मप्र की यादव सरकार अब किसानों की आय बढ़ाने के रास्ते खोजने में जुटी है। हालांकि करीब दस साल पहले से किसानों की आय दोगुनी करने का वादा सरकार ने किया था और इस दिशा में कुछ ठोस कदम भी उठाये जाते रहे हैं। अब मप्र में अन्नदाता मिशन के तहत कुछ और फैसले सामने आने के आसार हैं। जानकारों का कहना है कि किसानों को ज्यादा सशक्त बनाने के लिए उनकी आय समेत अन्य उपायों पर काफी समय से प्रशासनिक स्तर पर काम हो रहा है। इसके लिए कई बैठकें भी हो चुकी हैं।आज राज्य मंत्रिपरिषद के समक्ष इसका प्रेजेंटेशन भी हो सकता है। बताया जाता है कि योजना के तहत पशुपालन के माध्यम से किसानों की आय बढ़ाने के लिये भी फार्मूला तैयार किया गया है। हाल में सरकार ने मप्र के दुग्ध संघों को नेशनल डेयरी डेवलपमेंट कार्पोरेशन के हवाले करके मप्र में श्वेत क्रांति की दिशा में भी कदम उठाये हैं। वहीं इसके अलावा सरकार के स्तर पर यह भी विचार है कि फसल बीमा योजना का लाभ शत-प्रतिशत किसानों को दिलाने का नया प्लान तैयार हो और सिंचाई क्षमता में वृद्धि के लिए भी सरकार ने कार्ययोजना बनाई है। यह सभी अन्नदाता मिशन का हिस्सा होंगे। इसके लिए तैयार किए गए अन्नदाता मिशन पर आज मुख्यमंत्री मोहन यादव की अध्यक्षता में होने वाली कैबिनेट बैठक में विचार होगा। किसानों की महत्ता व उनके प्रति सरकार के वादों के चलते इस मिशन को मंजूरी मिलने के आसार हैं। मुख्यमंत्री ने किसानों की समस्याओं पर प्रशासन को ध्यान केंद्रित रखने और तत्काल इन्हें सुलझाने के निर्देश दे रखे हैं। बैठक में इसके अलावा कर्मचारियों से जुड़े विषय भी रखे जाएंगे।



### किसानों से कह चुके हैं मुख्यमंत्री-जमीन मत बेचना

उल्लेखनीय है कि कुछ समय पहले सीएम यादव ने कहा था कि पशुपालन को बढ़ावा देने के लिए नए कदम उठाए जाएंगे। पशुपालन भी किसानों के लिए फायदे का सौदा होने जा रहा है उन्होंने कहा था कि बुंदेलखंड क्षेत्र की केन-बेतवा लिंक परियोजना से सागर, छतरपुर, पन्ना, टीकमगढ़ में अलग दुनिया होने जा रही है। इसी तरह काली-सिंघ-पार्वती नदी जोड़ने से श्योपुर, मुरैना, गुना, राजगढ़, आगर मालवा सहित कई क्षेत्रों में इससे काफी बदलाव होने वाला है, इसलिये कोई भी किसान अपनी जमीन न बेचे, उन्होंने कहा था कि भले ही जरूरत पढ़ने पर कर्जा ले लेना लेकिन बदलते दौर में जमीनों का व खेती का दौर जल्द ही बदलने जा रहा है और हम पंजाब को पीछे छोड़ देंगे।

## रॉबर्ट वाड्रा को ईडी ने तलब किया जयपुर में 18 जगह छापे

### जमीन घोटाले का पुराना मामला

**नईदिल्ली, एजेंसी**

प्रवर्तन निदेशालय यानि ईडी ने शिकोहपुर जमीन घोटाले मामले में गांधी परिवार के दामाद रॉबर्ट वाड्रा को तलब किया है। उन्हें दूसरी बार समन भेजा गया, वे ईडी ऑफिस पहुंच गए हैं। इससे पहले उन्हें आठ अप्रैल को तलब किया गया था लेकिन वह ईडी के समक्ष पेश नहीं हुए थे। वाड्रा को आज ही पेश होने कहा गया। ईडी को शक है कि वाड्रा ने मनी लॉन्ड्रिंग की है। वाड्रा की कंपनी स्काईलाइट हॉस्पिटैलिटी प्राइवेट लिमिटेड को गुरुग्राम में 3.53 एकड़ जमीन 7.50 करोड़ की कीमत पर कॉलोनी डेवलप करने के नाम पर दी गई थी। मामला 08 का है। उस समय हरियाणा के मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा थे। सरकार ने जमीन में से 2.70 एकड़ जमीन को कमर्शियल कॉलोनी के तौर पर डेवलप करने की इजाजत दी थी लेकिन कॉलोनी विकसित करने की बजाय वाड्रा की कंपनी ने इस जमीन को 2012 में 58 करोड़ रुपये में डीएलएफ यूनिवर्सल लिमिटेड को बेच दिया।आरोप है कि हरियाणा सरकार से कम दाम पर मिली इस जमीन को डीएलएफ यूनिवर्सल लिमिटेड को बेचकर रॉबर्ट वाड्रा की कंपनी स्काईलाइट हॉस्पिटेलिटी प्राइवेट लिमिटेड ने करोड़ों का मुनाफा कमाया था।



उधर राजस्थान में कांग्रेस सरकार में मंत्री रहे प्रतापसिंह खाचरियावास के 19 ठिकानों पर आज प्रवर्तन निदेशालय की टीम ने छापा मारा। यह मामला रियल एस्टेट में निवेश का काम करने वाली पीएसीएल में हुए 48 हजार करोड़ के घोटाले से जुड़ा है। ईडी के अनुसार, प्रताप सिंह और उनके परिवार के लोगों के नाम पर घोटाले का पैसा ट्रांसफर हुआ था। अधिकांश पैसा प्रॉपर्टी और अन्य सेक्टर में लगा दिया गया। लाखों लोगों के साथ पीएसीएल में धोखाधड़ी हुई थी। इसके बाद यह केस सुप्रीम कोर्ट में चला गया था।

## 20 राज्यों में मौसम बिगड़ने का अंदेशा

**नईदिल्ली, एजेंसी**


बारिश के बादल छंटते ही मप्र समेत कई राज्यों में लू ने फिर दस्तक दी है। राजस्थान के बाड़मेर जिले का तापमान कल देश में सबसे ज्यादा 45.4 डिग्री दर्ज किया गया। आज प्रदेश के 6 जिलों में हीटवेव का यलो अलर्ट है। इधर, बिहार में बिजली गिरने से 4 लोगों की मौत हो गई। अरवल में रात को शादीपुर गांव में बिजली की चपेट में आने से यह हादसा हुआ। गोपालगंज में भी एक शख्स की मौत हुई है। आज मौसम विभाग ने मध्य प्रदेश के कुछ जिलों समेत महाराष्ट्र समेत देश के 20 राज्यों में आंधी-बारिश का अनुमान जताया है। महाराष्ट्र के कुछ इलाकों में बिजली और झारखंड के कुछ इलाकों में ओले गिर सकते हैं। बिहार, पश्चिम बंगाल और ओडिशा के अलावा असम, मणिपुर, मेघालय समेत सभी उत्तर-पूर्वी राज्यों में भी अगले पांच दिनों तक इसी तरह का मौसम रहने की संभावना जताई है।



## सलमान को धमकी देने वाला मानसिक रूप से बीमार

**मुंबई, एजेंसी**

अभिनेता सलमान खान को जान से मारने की धमकी देने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सलमान के लिए ये मैसेज वडोदरा के पास स्थित गांव से भेजा गया था। मैसेज भेजने वाले की उम्र महज 26 साल है। उसने मुंबई के वर्ली इलाके में स्थित ट्रांसपोर्ट डिपार्टमेंट के ऑफिशियल वॉट्सएप नंबर पर मैसेज किया था, जिसमें लिखा था, सलमान खान को घर में घुसकर मारेंगे और उनकी कार को बम से उड़ा देंगे। शुरुआत ने पहले तो उसे समन भेजकर दो दिन में बुलाया था लेकिन बाद में मामले की संजीदगी समझते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। फिलहाल उसका नाम सामने नहीं आया है लेकिन बताया जा रहा है कि वह मानसिक रूप से बीमार है और उसके परिजनों का कहना है कि उसका इलाज भी चल रहा है।



## आजाद ने पार्टी की सभी इकाईयां भंग की

**नई दिल्ली।** डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी अध्यक्ष गुलामनबी आजाद ने अपनी पार्टी की सभी इकाइयां भंग कर दीं। इसमें राज्य, जिला और ब्लॉक स्तरीय समितियों समेत अन्य सभी पार्टी इकाइयां शामिल हैं इसके अलावा पार्टी प्रवक्ताओं को भी पद से हटा दिया गया है। पार्टी ने विधानसभा चुनाव में 90 सीटों में से 23 पर उम्मीदवार उतारे थे। पार्टी को छह सीटों पर नोटा से भी कम वोट मिले थे। इनमें आजाद का गृह जिला डोडा भी शामिल था। आजाद ने कांग्रेस से नाता तोड़कर 2022 में पार्टी बनाई थी।

## राज्यपाल ने लगवाए जय श्रीराम के नारे, भड़का विपक्ष

**चैन्नई, एजेंसी।** तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि को सुप्रीम कोर्ट से सख्त हिदायत मिले अभी हफ्ता भी नहीं बीता है कि फिर एक नया विवाद खड़ा हो गया है। उन्होंने मदुरै के एक कॉलेज में छात्रों से 'जय श्री राम' के नारे लगवा दिए। अब विपक्ष का कहना है कि किसी संवैधानिक पद पर बैठा व्यक्ति ऐसे धार्मिक नारे नहीं लगवा सकता, उन्हें इस्तीफा दे देना चाहिए। राज्यपाल रवि त्यागराज इंजीनियरिंग कॉलेज के एक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे थे। उन्होंने साहित्य प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार बांटे और वहां मौजूद लोगों को संबोधित किया। राज्यपाल ने कम्ब रामायण लिखने वाले कवि चक्रवर्ती कम्बन के सम्मान में स्टूडेंट्स से आग्रह किया-आइए हम उस व्यक्ति को श्रद्धांजलि अर्पित करें जो श्रीराम का महान भक्त था। मैं कहूंगा और आप दोहराएंगे-जयश्री राम। इसके बाद राज्यपाल आरएन रवि और स्टूडेंट्स ने तीन बार जय श्री राम का नारा लगाया। तमिलनाडु गवर्नर का यह वीडियो सामने आने के बाद विवाद तेज है। तमिलनाडु के स्टेट प्लेटफॉर्म फॉर कॉमन स्कूल सिस्टम ने कहा है कि राज्यपाल ने अपने पद की शपथ का उल्लंघन किया है। राज्यपाल को कॉलेज में साहित्यिक प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार देने के लिए मुख्य अतिथि के तौर पर बुलाया गया था। उन्हें किसी खास धर्म के प्रचारक के तौर पर आमंत्रित नहीं किया गया था। उन्हें धार्मिक उपदेश देने के लिए नहीं कहा गया था।



### सेंसेक्स और निफ्टी में जोरदार उछाल

## शेयर बाजार ने तीन दिन की छुट्टी के बाद झूमते हुए की शुरुआत

**मुंबई, एजेंसी**

शेयर बाजार में आज फिर जोरदार उछाल है। सेंसेक्स 1700 अंक ( 2.17 फीसदी ) से ज्यादा चढ़कर 76,800 के स्तर पर कारोबार कर रहा है। निफ्टी में भी करीब 500 अंक की तेजी है और यह 23,300 के स्तर पर है। सेंसेक्स और निफ्टी के सभी शेयरों में तेजी है। सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को सेंसेक्स 1310 अंक तेजी के साथ 75,157 के स्तर पर बंद हुआ था और निफ्टी भी करीब 429 अंकों की तेजी में रही थी। फिर शनिवार रविवार और कल सोमवार को अंबेडकर जयंती के चलते शेयर बाजार बंद था। इस तेजी की वजह वैश्विक बाजारों की चाल को माना जा रहा है। दरअसल अमेरिका का डाउ जोन्स 312 अंक, नैस्डेक कंपोजिट 107 अंक चढ़कर बंद हुए हैं। एशियाई बाजारों में जापान का निक्केई 302 अंक चढ़कर 34,285 पर है। कोरिया के कोस्पी में 19 अंक की तेजी है, ये 2,475 पर कारोबार कर रहा है। नौ अप्रैल को विदेशी निवेशकों ने 2,519.03 करोड़ के शेयर बेचे। जबकि भारतीय यानी घरेलू निवेशकों ने 3,759.27 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे। वहीं भारत में शेयर बाजार में तेजी का बड़ा कारण ट्रंप की ओर से टैरिफ को 90 दिनों तक रोकना भी है और आरबीआई की ओर से रेपो रेट में लगातार कटौती किए जाने के बाद बैंकिंग शेयर भी अच्छे ग्रोथ दिखा रहे हैं. जिस कारण निफ्टी बैंक भी उछाल पर है।








## 3 साल बाद गर्म बीत रहा अप्रैल का पहला पखवाड़ा

**भोपाल।** राजधानी में इस बार तीन साल बाद अप्रेल का पहला पखवाड़ा काफी गर्म बीत रहा है। आगे भी मौसम का मिजाज इसी तरह रहेगा। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि तीसरे और चौथे सप्ताह में शहर में लू के हालात भी बन सकते हैं। शहर में सोमवार को भी गर्मी का दौर जारी रहा। इस दौरान अधिकतम तापमान में फिर आधे डिग्री से अधिक की बढ़ोतरी हो गई। सोमवार को अधिकतम तापमान 39.5 डिग्री रहा, जबकि न्यूनतम तापमान 22.4 डिग्री दर्ज किया गया। दिन के साथ-साथ रात में भी लोगों को तेज गर्मी का सामना करना पड़ रहा है।

### नगर निगम की पार्किंग से कमाई का अजीब नियम

# फ्री पार्किंग से मुनाफा, पेड पार्किंग से 38 फीसदी घाटा

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

नगर निगम की पार्किंग से होने वाली आय में पिछले वित्तीय वर्ष में 38 प्रतिशत की गिरावट आई है। यह स्थिति तब है जब नगर निगम ने फ्री पार्किंग नीति से पहले मुनाफा कमाया था, लेकिन पेड पार्किंग नीति में उसका मुनाफा घट गया। 2023 में मल्टीलेवल पार्किंग और निर्धारित प्रीमियम पार्किंग स्थानों को छोड़कर सभी पार्किंग को मुफ्त घोषित कर दिया गया था। इस साल नगर निगम ने पार्किंग से तीन करोड़ रुपए की अनुमानित आय का लक्ष्य निर्धारित किया है।

**मई 2023 में फ्री थी पार्किंग:** मई 2023 में नगर निगम ने पूरे शहर में पार्किंग को मुफ्त कर दिया था। सिर्फ मल्टीलेवल पार्किंग और कुछ खास जगहों पर ही पार्किंग शुल्क लगता था। फरवरी 2024 में इस नियम को बदल दिया गया, लेकिन हैरानी की बात है कि जब पार्किंग मुफ्त थी, तब निगम को ज्यादा राजस्व मिला। नगर निगम ने इस साल के लिए पार्किंग से तीन करोड़ रुपए की अनुमानित आय का लक्ष्य निर्धारित किया है। शहर में करीब 11 लाख वाहन हैं। यानी हर वाहन से वार्षिक राजस्व 27.28 रुपए लेनी की योजना है। वहीं नगर निगम के अधिकारी ने बताया कि पिछले साल कई पार्किंग एरिया का टेंडर नहीं हो पाया था, जिसका असर आय पर हुआ। इस बार की टेंडर प्रक्रिया जल्द ही पूरी कर ली जाएगी।



**घाटे का प्रमुख कारण**

- पार्किंग की कीमतें बहुत ज्यादा है।
- सिंगल पार्किंग का विकल्प नहीं है।
- निगम की पैकेज व्यवस्था विफल रही।

### 150 करोड़ का निवेश

निगम ने पिछले आठ साल में मल्टीलेवल पार्किंग पर 150 करोड़ से अधिक का निवेश किया है। इस साल के लिए अनुमानित वार्षिक पार्किंग राजस्व तीन करोड़ रुपए है।

### पार्किंग शुल्क और आय

पिछले वित्तीय वर्ष में निगम की आय प्रति वाहन केवल 11 रुपए थी। शहर के निवासी आमतौर पर प्रीमियम पार्किंग के लिए अधिक भुगतान करते हैं, जिसके कारण वित्तीय वर्ष 2023-24 की तुलना में 69 लाख रुपए की कमी आई है।

### पिछले वित्तीय वर्ष में 11 रुपए प्रति वाहन थी कमाई

नगर निगम की पिछले वित्तीय वर्ष में पार्किंग से कमाई प्रति वाहन करीब 11 रुपए थी। जबकि, न्यू मार्केट या किसी अन्य व्यावसायिक क्षेत्र में जाने पर पार्किंग के लिए लोगों को ज्यादा पैसे चुकाने पड़ते हैं। वहीं जब घाटे का कारण अधिकारियों से पूछा तो उन्होंने रात्रि 7.40 बजे कलेक्टर के साथ मीटिंग होने का बहाना बनाकर जवाब देने से इनकार कर दिया।

### कम आय के ये प्रमुख कारण

वित्त वर्ष 2024-25 में निगम को पार्किंग से कुल 1.54 करोड़ की आय हुई है। निगम के अधिकारी आय में हुई गिरावट के लिए टेंडर प्रक्रिया को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं। निगम में पार्किंग टेंडर महीनों से लंबित हैं, जिनका अभी तक कोई निपटारा नहीं हुआ है। इस बार आठ पैकेज में 35 पार्किंग के टेंडर दिए गए हैं। 16 अप्रेल को फाइनल टेंडर खुलेंगे। मंगलवार को इसके लिए प्री-बिड मीटिंग रखी गई, जिसमें किसी ने भाग ही नहीं लिया।

## शराब दुकान के विरोध में शरबत पिलाया

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

सेमरा गेट साईंराम कॉलोनी में शराब की दुकान खुलने के विरोध में लोग पिछले 15 दिन से प्रदर्शन कर रहे हैं। गत दिवस डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर इन्होने शराब दुकान के सामने राहगीरों को शरबत पिलाया। उनका कहना है कि जब तक दुकान नहीं हटेंगी, वे प्रदर्शन जारी रखेंगे। दुकान की शिफ्टिंग को लेकर लोग सुंदरकांड का पाठ, राहगीरों को गुलाब के फूल और आबकारी विभाग की प्रतीकात्मक रूप से शव यात्रा तक निकाल चुके हैं। वहीं, रविवार को उन्होंने आबकारी विभाग के विरुद्ध प्रदर्शन किया था।



## भोले दरबार ने शुरू की 'भूखे को अन्न, प्यासे को पानी' सेवा



**हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।**

पूर्ण ज्योति सेवा संस्था भोले के दरबार ने ÷भूखे को अन्न, प्यासे को पानी÷ सेवा शुरू की। संस्था के संस्थापक और शिव महापुराण कथा वाचक गुरुदेव श्री मुकेश जी महाराज के मार्गदर्शन में, सभी सेवाधारियों ने मिलकर यह नेक कार्य शुरू किया। यह सेवा हर सोमवार को गरीब और भूखे लोगों को भोजन प्रदान करके की जाएगी। मुकेश जी महाराज ने कहा कि यह सेवा हर सोमवार को उन लोगों तक पहुंचाई जाएगी जो मुश्किल से दो वक्त का खाना जुटा पाते हैं। इसके लिए, संस्था अलग-अलग स्थानों पर जाकर गरीब और जरूरतमंद लोगों को भोजन कराएगी। मुकेश जी महाराज ने यह भी कहा कि अन्न और जल के बिना मनुष्य का जीवन संभव नहीं है, क्योंकि ये मनुष्य की मूलभूत आवश्यकताएं हैं। इस सेवा कार्य में स्वामी जी के साथ हीरो फैंस क्लब के अध्यक्ष हीरो हिंदू, भाजपा नेता महेश खटवानी, प्रभु दास मूलचंदानी, नानक ददलानी, शिवांश शर्मा, हरीश छुगानी, महेश छुगानी, हीरो वतनानी और अन्य लोग भी शामिल थे।




अंबेडकर जयंती के मौके पर सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की -एसटी व ओबीसी एम्लाइज यूनियन ने बोर्ड ऑफिस पर बच्चों को किताब कापियों का वितरण किया। इस मौके पर जोनल हेड तरसेम सिंह जीरा समेत वरिष्ठ अधिकारी डीके पांडे, प्रमोद मिश्रा, दर्शन सिंह, पंकज कुमार,नरेश अहिरवार, पी श्रीनिवास, विजय वर्मा समेत यूनियन के पदाधिकारी मौजूद रहे।

**अंबेडकर जयंती**

## मैत्री बौद्ध विहार में नवीन प्रतिमा का अनावरण

**भोपाल।** कटारा हिल्स के मैत्री बौद्ध विहार में डॉक्टर आंबेडकर जयंती के विशेष मौके पर बाबा साहब की नवीन प्रतिमा का अनावरण किया गया। अनावरण मुख्य अतिथि पूज्य भिक्कुनी नागरूपा द्वारा किया गया। मैत्री बौद्ध विहार शिक्षा एवं जनकल्याण समिति के अध्यक्ष अशोक डोंगरे ने बताया कि आंबेडकर जयंती पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। सोमवार दोपहर रैली आयोजित की गई थी। शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रमों आयोजित किए गए। कार्यक्रम में महिला मंडल अध्यक्ष कमला सोनोने, सचिव आनंद खातरकर, उपध्यक्ष शोभित जुमरूे, कोषाध्यक्ष धर्मपाल पूसे सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहें।

## यूरोलॉजिस्ट डॉ. बदलानी अमेरिकन एसोसिएशन ऑफ जेनिटो-यूरिनरी सर्जन्स के अध्यक्ष बने

**हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।**

संत हिरदारामजी में आस्था रखने वाले और सेवासदन में जरूरतमंदों के इलाज के यूरोलॉजी कैंप में अहम योगदान देने वाले यूरोलॉजिस्ट और विंस्टन-सलेम, उत्तरी कैरोलिना में एट्रियम बैपटिस्ट मेडिकल सेंटर में यूरोलॉजी के उपाध्यक्ष, डॉ. गोपाल बदलानी को अमेरिकन एसोसिएशन ऑफ जेनिटो-यूरिनरी सर्जन्स का अध्यक्ष चुना गया है। यह घोषणा मियामी में आयोजित एसोसिएशन की 133वीं वार्षिक बैठक में की गई। यह प्रतिष्ठित मान्यता यूरोलॉजी के क्षेत्र में डॉ. बदलानी के महत्वपूर्ण योगदान और चिकित्सा समुदाय में उनके द्वारा प्राप्त गहरे सम्मान का प्रमाण है। उनकी स्थायी विरासत को सम्मानित करने के लिए, एसो. ने बदलानी व्याख्यान की भी स्थापना की है, जो एक प्रतिष्ठित अतिथि वक्ता द्वारा दिया जाने वाला एक वार्षिक मुख्य भाषण होगा। अपनी पेशेवर उपलब्धियों के अलावा, डॉ. बदलानी अपनी करुणा और निस्वार्थ सेवा के लिए भी जाने जाते हैं। संत हिरदारामजी के एक समर्पित अनुयायी के रूप में, उन्होंने आध्यात्मिक प्रेरणा को सार्थक मानवीय कार्यों में बदल दिया है। अपने चाचा की स्मृति में उन्होंने सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय, भोपाल में दादा आत्माराम यूरोलॉजी डायग्नोस्टिक एंड रिसर्च सेंटर की स्थापना के लिए योगदान दिया है। डॉ. बदलानी को सेवासदन नेत्र चिकित्सालय में मुफ्त यूरोलॉजी शिविरों का अग्रणी माना जाता है। कई वर्षों से वे संयुक्त राज्य अमेरिका से भोपाल में अपनी विशेषज्ञ सेवाएं प्रदान करने के लिए स्वेच्छा से यात्रा करते रहे हैं। जीव सेवा संस्थान के तत्वावधान में इन शिविरों का विस्तार हुआ व इसमें दुनिया भर के प्रसिद्ध यूरोलॉजिस्टों की भागीदारी देखी गई है।



## सभी को मौलिक अधिकार मिले बाबा साहेब के संविधान से : पटेल

**हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।**

देश के संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती के अवसर पर, ब्लॉक कांग्रेस ने 12 नंबर स्थित वाल्मीकि मंदिर में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। साथ ही बाबा साहेब अंबेडकर की सेवाओं को याद किया। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अनोखीलाल पटेल ने कहा कि बाबासाहेब ने देश को एक ऐसा संविधान दिया जिसके माध्यम से हर जाति और धर्म के लोगों को उनके मौलिक अधिकार प्राप्त हुए। पूर्व विधायक जितेंद्र डागा ने कहा कि



वर्तमान में सत्ता में बैठी पार्टी किसी न किसी रूप में बाबा भीमराव अंबेडकर का अपमान करती है। ब्लॉक अध्यक्ष अशोक मारण ने कहा कि आज सत्ता में बैठी पार्टी बाबासाहेब द्वारा बनाए गए संविधान को बदलने की कोशिश करती रहती है, लेकिन वे भूल जाते हैं कि जनता उनके इस अपराध के लिए उन्हें कभी माफ नहीं करेगी। दिनेश मेघानी, जीतू बलवा, महेश गुरबानी और जगदीश सांवले ने भी बाबासाहेब को याद करते हुए उनके द्वारा बनाए गए संविधान की रक्षा करने की बात कही। कार्यक्रम का संचालन जीतू बलवा और आभार घनश्याम लालवानी ने व्यक्त किया। इस अवसर पर बबलू टेकचंदानी, क्युम खान, डी के सरसवार, राजेश लोहट, जीतू शाक्य, जमना भाई, रमेश भेरव, शहदेव पारोचे, सतीश करोसिया, दीपक माचल, मनीष गिल, रतन सचन, सरफराज सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन और स्थानीय निवासी उपस्थित थे।

**ब्लॉक कांग्रेस ने बाबा साहेब अंबेडकर को याद किया**

## अमृत वेला चालीहा समर वेकेशन 1 मई से शुरू

**हिरदाराम नगर.** अमृत वेला ट्रस्ट 1 मई से समर वेकेशन चालीहा शुरू कर रहा है। ट्रस्ट के प्रवक्ता धीरज टिलवानी ने यह जानकारी देते हुए बताया कि हर साल की तरह, इस साल भी बच्चों की गर्मियों की छुट्टियों में समर वेकेशन चालीहा का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें अमृत वेले में भाई साहब गुरप्रीत सिंह रिंकू वीर रोजाना कीर्तन करके संगत को निहाल करते हैं और उन्हें गुरु की बाणी से जोड़ते हैं।

इस साल, अमृत वेला ट्रस्ट बैरागढ़ सेंटर पर 40 दिनों तक 24 घंटे अखंड पाठ श्री जपजी साहिब और श्री सुखमनी साहिब के पाठ चलेंगे।

**मेट्रो एंकर**

### सिम्फोनी बैंड की धुनों पर झूमा सिंधी समाज

# टप्पू सेना की रॉकिंग परफॉर्मेंस ने लोगों की मुरीद बनाया

**हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।**

सिंधी मेला समिति द्वारा आयोजित सिंधी मेले के अंतिम दिन मेले का हुजूम देखने योग्य रहा, जहां जो खड़ा तो वो वही ठहर गया, मेले की शुरुआत भगवान झूलेलाल की आरती के साथ की गई, आरती के बाद बाद सिम्फ़ोनी बैंड ( शुभम नाथानी ) की प्रस्तुति की शुरुआत हुई उनके सबसे लोकप्रिय गीत ÷ बेडो त मुहिजे लाल जो, आसा सिंधी आहियू माड़ू, सिंधी अबाडी बोली, जिसे सुनते ही दर्शक भावनाओं में बह गए, इसके बाद धूम पिचक, आना मेरी गली, कभी आना तू मेरी गली और अब ना जा जैसे सुपरहिट गानों ने माहौल को और भी जोशीला बना दिया, उसके बाद तारक मेहता उल्टा चश्मा के फेम टप्पू सेना नीतीश भूलानी ( टप्पू ) धमित शाह ( गोली ) समय शाह ( गोगी ) का जैसे ही मंच पर आगमन हुआ तो पूरा सुंदरवन गार्डन झूम उठा. हजारों की संख्या में मौजूद कला प्रेमियों ने तालियों और हूटिंग के साथ उनका स्वागत किया. उनके साथ सिंधी गीतों पर खूब डांस कर फुल ऑन इंजॉय किया। टप्पू सेना के साथ इस पारिवारिक सिंधी मेले में टीवी कलाकार कृष्णा भट्ट ने भी लोगों का मनोरंजन कर खूब हंसाया।



# ओला-पाला की राहत राशि का हिसाब मांगा सरकार ने

## यदि खर्च नहीं हुई तो भी देना होगा ब्योरा

भोपाल. दोपहर मेट्रो।



मौसम के बदले तेवरों से होने वाली ओलावृष्टि, बाढ़, अकाल और अन्य प्राकृतिक आपदाओं की स्थिति से निपटने के लिए आठ विभागों की खर्च की गई राशि का ब्योरा तलब किया गया है। मप्र के राहत आयुक्त ने यह समूची जानकारी अपर मुख्य सचिवों, प्रमुख सचिवों और विभागाध्यक्षों से तलब की है। उन्होंने यह भी पूछा है कि आवंटित राशि में से कितनी राशि खर्च नहीं हो सकी और कितनी सरेंडर की गई है। राहत आयुक्त ने साफ निर्देश दिए हैं कि हर योजना में खर्च की गई राशि का अलग-अलग विवरण दिया जाए।

जानकारी के मुतबिक अपर मुख्य सचिव और प्रमुख सचिव,नर्मदा घाटी विकास, गृह, जल संसाधन, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, नगरीय विकास एवं आवास विभाग, लोक निर्माण विभाग, लोक सेवा प्रबंधन विभाग और सचिव, गृह एवं समन्वयक राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण को इस संबंध में पत्र लिखा गया है। यह पत्र राहत आयुक्त कार्यालय के संयुक्त संचालक द्वारा जारी किया गया है। इसमें एक अप्रैल 2024 से 31 मार्च 2025 तक की अवधि में संबंधित विभागों को राहत आयुक्त कार्यालय द्वारा कितनी राशि ट्रांसफर की गई, इस राशि में से कितनी राशि का उपयोग कार्यों में किया गया और कितनी राशि सरेंडर की गई, इसकी जानकारी दी जाए। साथ ही प्रत्येक योजना के लिए अलग-अलग उपयोगिता प्रमाण पत्र (यूटिलाइजेशन सर्टिफिकेट) प्रस्तुत करने को कहा गया है। बताया जा रहा है कि यह राशि राहत आयुक्त कार्यालय द्वारा मिटिगेशन फंड, आपदा से बचाव की तैयारी और कैपेसिटी बिल्डिंग जैसे कार्यों के लिए उपयोग की जा सकती है। बताया जाता है कि राहत आयुक्त और प्रमुख सचिव, राजस्व कार्यालय द्वारा यह जानकारी जिन अधिकारियों से सीधे मांगी गई है, उनमें महानिदेशक, होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा,आयुक्त, नगरीय प्रशासन एवं विकास, आयुक्त, स्वास्थ्य सेवाएं, कार्यपालन निदेशक, राज्य लोक सेवा अभिकरण,प्रमुख अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा,प्रमुख अभियंता, जल संसाधन,प्रमुख अभियंता, लोक निर्माण और संचालक, नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण।



दिल्ली में महानाट्य मंचन का समापन

# विक्रमादित्य की सुशासन व लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं का महानाट्य में मंचन हुआ

भोपाल. दोपहर मेट्रो।

सम्राट विक्रमादित्य के सालों पुराने सुशासन व लोकतांत्रिक व्यवस्था को महानाट्य मंचन ने फिर से जीवंत कर दिया। देशभर के लोगों को विक्रमादित्य की शासन व्यवस्था में किए गए कामों को समझने का पुन~अवसर मिला। खासकर युवा पीढ़ी में अच्छा संदेश गया।

यह बात सीएम डॉ. मोहन यादव ने दिल्ली में कही। वह सोमवार रात को दिल्ली के लाल किला स्थित माधवदास उद्यान में महानाट्य मंचन को संबोधित कर रहे थे। यह तीन दिन तक चला, जिसमें कई कलातारों ने अभिनय किया। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से लेकर कई हस्तियां महानाट्य मंचन को देखने पहुंची।

सीएम तीनों दिन मौजूद रहे। सोमवार रात को भी वह महानाट्य मंचन में थे, उन्होंने कहा कि उक्त मंचन ने वर्षों पूर्व सम्राट विक्रमादित्य द्वारा स्थापित सुशासन व लोकतांत्रित व्यवस्था को फिर से जीवंत कर दिया। कहा कि फिल्मों के निर्माण और डिजिटल युग के बावजूद प्राचीन नाट्य परम्परा से परिचित करवाने वाले इस महानाट्य के अंश अविस्मरणीय रहेंगे। कार्यक्रम में महानाट्य के कलाकारों का सम्मान भी किया गया। इसमें अनेक जनप्रतिनिधि, धर्म और आध्यात्म क्षेत्र की हस्तियां और ब?ी संख्या में कला प्रेमी उपस्थित थे।

सीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विरासत के संरक्षण के साथ विकास का मंत्र दिया है। एक समय था जब सम्राट विक्रमादित्य ने न्याय, वीरता और सुशासन के महत्व को स्थापित किया। सीएम ने सम्राट विक्रमादित्य महानाट्य के मंचन के लिए आवश्यक समन्वय एवं सहयोग प्रदान करने के लिए दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता समेत महानाट्य मंचन में पहुंचने वालों के प्रति आभार व्यक्त किया।

केंदीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि सीएम ने विक्रमादित्य की गौरवगाथा को राष्टीय पटल पर लाने का श्रेष्ठ काम किया है। भविष्य में इसे विश्व पटल पर भी पहुंचाया जाएगा। राज्यसभा उपसभापति हरिवंश ने कहा कि अतीत के प्रेरक प्रसंगों से भविष्य गढ़ने की ताकत और ऊर्जा मिलती है। दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि सम्राट विक्रमादित्य के जीवन को महानाट्य रूप में प्रस्तुत करने का सौभाग्य दिल्ली को प्राप्त हुआ है।

# बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में हाथी के बाद अब सोन कुत्तों की धमक

भोपाल. दोपहर मेट्रो।

भोपाल। बांधवग? टाइगर रिजर्व में सोन कुत्तों के झुंड की मौजूदगी मिली है। ये अत्यंत दुर्लभ हो गए हैं, जो आमतौर पर मप्र में नजर नहीं आते। इनका दिखाई देना, एक तरह से अध्ययन का विषय बन चुका है। ये पारिस्थितिकीय तंत्र का अहम हिस्सा होते है, लेकिन समय के साथ विलुप्त हो गए। हालांकि देश के अलग-अलग रिजर्व में इनकी मौजूदगी है। इसके पूर्व बाधवगढ़ टाइगर रिजर्व व उसके आसपास के क्षेत्रों में हाथियों का मूवमेंट एकदम से बढ़ गया था। राज्य वन्यप्राणी शाखा के वन अधिकारियों का कहना है कि रिजर्व की पतोर परिक्षेत्र की पनपथा बीट में वनकर्मियों को गश्ती के दौरान 12 सोन कुत्तों का झुण्ड दिखा। पूर्व में



इस तरह का बड़ा झुंड कभी दिखाई नहीं दिया था। ये अत्यंत दुर्लभ है, जो कभी भी एक स्थान पर नहीं रहते, बल्कि बार-बार स्थान बदलते रहते हैं। इनकी मौजूदगी एक तरह से वन्यजीव संरक्षण की दृष्टि से शुभ मानी जाती है। बताया गया कि एक अन्य दल ने रिजर्व की पतौर, मानपुर और धमोखर रेंज में भी इनकी मौजूदगी देखी थी।

## भोज विवि में 27 प्रोफेसरों के पदों पर भर्ती की तैयारी

**भोपाल।** भोज मुक्त विश्वविद्यालय में 27 प्रोफेसरों के पदों पर भर्ती करने स्वीकृति राजभवन से मांगी गई है। अब राजभवन से स्वीकृति मिलने के बाद भोज विवि भर्ती प्रक्रिया यूजीसी के मापदंडों के मुताबिक करेगा। हाल ही में हुई आपात महाप्रबंध बोर्ड में महाप्रबंध बोर्ड के सदस्यों को मप्र हाईकोर्ट द्वारा विवि के 27 प्रोफेसरों की भर्ती निरस्त करने के आदेश से अवगत कराया गया था।

संघ की तर्ज पर जनता में पैठ बनाने की कोशिश में कांग्रेस

# अब प्रभारियों की बढ़ेगी जिम्मेदारी, क्षेत्र में रात्रि विश्राम भी करेंगे

भोपाल. दोपहर मेट्रो।

संगठन पर्व मना रही कांग्रेस ने अब आरएसएस की तर्ज पर काम शुरू किया है। प्रभारियों को क्षेत्र में फोकस करना होगा। इसमें क्षेत्र के कार्यकर्ताओं के साथ बैठक के साथ आमजन से भी चर्चा शामिल है। ग्रामीण क्षेत्र में चौपाल और रात्रि विश्राम भी प्रमुख है। इस बहाने क्षेत्र में पार्टी की नब्ज टटोलने का प्रयास होगा। यह भी देखा जाएगा कि पार्टी कहां कमजोर है। इसे कैसे दूर किया जा सकता है। विधानसभा उपचुनाव में सफलता के बाद उत्साहित कांग्रेस कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती। पार्टी मानकर चल रही है कि सरकार के काम-काज से नाराज लोग कांग्रेस के साथ हैं। किसान, कानून व्यवस्था, महिला अपराध, बेरोजगारी, स्वास्थ्य सेवाओं इत्यादि के मामले में कांग्रेस सदन से सड़क तक सरकार की घेराबंदी कर रही है। आंदोलन किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में अब घर-घर पैठ बनाने का प्रयास है। पार्टी ने संगठनों को सक्रिय किया है। महिला कांग्रेस महिलाओं के जरिए किचन तक संपर्क तेज कर रही है। पार्टी का मानना है कि घर की महिलाएं यदि पार्टी के साथ हैं तो घर के सदस्य भी उनके साथ होंगे। युवा कांग्रेस, सेवादल सहित पार्टी के अन्य संगठन सक्रिय हैं।

# विभिन्न देशों से आए 250 शोधपत्र, 125 का हुआ चयन

## टैगोर विवि में दो दिवसीय अंतरराष्टीय वेब कॉन्फ्रेंस

भोपाल. दोपहर मेट्रो।

रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय मप्र एवं कवि कुलगुरू कालिदास संस्कृत विश्वविद्यालय, रामटेक (महाराष्ट) के संयुक्त तत्वावधान में इंटरनेशनल वेब कॉन्फ्रेंस ऑन इंट्रीग्रेटिंग स्किल इनटू यूनिवर्सिटी करीकुलमरू ग्लोबल टू लोकल पर्सपेक्टिव विषय पर दो दिवसीय अंतरराष्टीय वेब कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। यह आयोजन हाल ही में दोनों विश्वविद्यालयों के मध्य हुए समझौता ज्ञापन के अंतर्गत संपन्न हुआ। कार्यक्रम की संयोजक डॉ. किरण मिश्रा ने बताया कि सम्मेलन में उजबेकिस्तान, ओमान, समरकंद, भारत सहित विभिन्न देशों से कुल 250 शोध पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 125 शोध पत्रों का चयन किया गया। सम्मेलन की रूपरेखा डॉ. ब्रजेश कुमार शर्मा, विभागाध्यक्ष, शिक्षा विभाग, रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय ने प्रस्तुत की। उद्घाटन सत्र में डॉ. अदिति चतुर्वेदी, प्रति कुलाधिपति, रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय ने वैश्विक दृष्टिकोण को साझा करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों को नए विचारों से अवगत कराते हैं। वहीं डॉ. संजीव कुमार गुप्ता, प्रति कुलपति, रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय ने कहा कि कौशल विकास से संबंधित यह सम्मेलन छात्रों के सर्वांगीण विकास में सहायक सिद्ध होगा। डॉ. संगीता जौहरी, कुलसचिव ने सम्मेलन को नई पीढ़ी के लिए सीखने का एक सशक्त मंच बताया।

**पाठ्यक्रम में कौशल को एकीकृत करना समय की मांग:** प्रो. हरे राम त्रिपाठी, प्रति कुलपति, कवि कुलगुरू कालिदास संस्कृत विश्वविद्यालय ने कौशल आधारित शिक्षा को आज के समय की आवश्यकता बताया और इस प्रकार के सम्मेलन को विचारों के आदान-प्रदान का अंतरराष्टीय मंच कहा। प्रथम दिवस के मुख्य वक्ता डॉ. एबेक कालेन्द्रोव (मामून विश्वविद्यालय, उजबेकिस्तान) ने भाषा की भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि प्रभावी संचार के लिए भाषा कौशल अत्यंत आवश्यक है। डॉ. कल्याण चतुर्वेदी (मामून विश्वविद्यालय) ने कहा कि विश्वविद्यालयों को अपने पाठ्यक्रम में कौशल को एकीकृत करना समय की मांग है। पहले दिन 50 शोध पत्र प्रस्तुत किए गए। द्वितीय दिवस के मुख्य वक्ता डॉ. अनिल कुमार (निर्देशक, कवि कुलगुरू कालिदास संस्कृत विश्वविद्यालय) ने कहा कि सभी विश्वविद्यालयों को उद्यमिता एवं रोजगारोन्मुख पाठ्यक्रमों पर अधिक बल देना चाहिए। मुख्य अतिथि प्रो. राजदापोवा फरूजा अबदुल्लाऐवना (उर्जेन्च) ने एक्सीलेंस को प्रोत्साहन देने की बात कही। द्वितीय दिवस में 75 शोध पत्र प्रस्तुत हुए।



## संपादकीय

# यूपीआई पर निर्भरता व वैकल्पिक इंतजाम

यूनीफाइड पेमेंट इंटरफेस यानी यूपीआई के बार बार बाधित होने की समस्या बहुत चिंताजनक स्थिति की तरफ इशारा कर रही है। वजह यह भी कि भारत में हर घंटे ढाई करोड़ से ज्यादा यूपीआई ट्रांजेक्शन होते हैं। ये इतना भरोसेमंद साधन बन गया है कि तमाम लोगों ने कैश रखना ही छोड़ दिया है। इन्हें हाल में बारह अप्रैल को तब झटका लगा, जब अचानक पेटीएम और जीपे,फोन पे जैसे एप्स से पेमेंट फेल होने लगा। लोग अपने दैनदिन के काम करते हुए भी बार बार अपने एप निहारता रहे और पैसा ट्रांसफर न होने की वजह से घंटों बैठे या अटके रहे। अब ऐसा पिछले 15 दिनों में तीसरी बार भी हुआ है। इसके एक बार फिर डाउन होने से बड़ी संख्या में यूजर्स को परेशानी झेलनी पड़ी। दो हफ्ते में तीसरी बार इस तरह की दिक्कत पेश आना बताता है कि एक अकेली बॉडी नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया के भरोसे रहने के बजाय वैकल्पिक इंतजाम भी किए जाने चाहिए। वैसे, यह भी सच है कि भारत का ऐप्स बेस्ड पेमेंट सिस्टम बाकी दुनिया से कहीं आगे है। यूपीआई के डाउन होने पर एनपीसीआई की ओर से बताया गया कि तकनीकी समस्या की वजह से ऐसा हुआ। दिन में कई घंटे के लिए ट्रांजेक्शन रुक गए। ऐसा ही कुछ मार्च के आखिरी हफ्ते में भी हुआ था और तब भी यही कारण बताया गया था। रिपोर्ट्स बताती हैं कि अप्रैल में यूपीआई ट्रांजेक्शंस बहुत बढ़ गए हैं और इसके पीछे है आईपीएल भी है। इस समय बेटिंग और गेमिंग ऐप्स के चलते ऑनलाइन लेनदेन खूब हो रहा है। इस महीने हर दिन औसतन 60 करोड़ ट्रांजेक्शन किया जा रहा है। केवल मार्च में ही 18 अरब यूपीआई ट्रांजेक्शन हुए, जबकि इसके पहले के तीन महीनों में यह आंकड़ा केवल 16 अरब था। जाहिर है कि इंडियन प्रीमियर लीग शुरू होने के साथ ही ट्रांजेक्शन भी बढ़ा। जब दो बार पहले टेक्निकल एरर का सामना किया जा चुका था, तो तीसरी बार के लिए तैयारी क्यों नहीं हुई ? पूरी दुनिया में जितने ऑनलाइन ट्रांजेक्शन होते हैं, उसके करीब 49 प्रतिशत तो केवल भारत में अंजाम दिए जाते हैं। 2023 के आंकड़ों के मुताबिक, यूपीआई के जरिये 117.6 अरब लेनदेन किए गए। हर दिन के साथ यह आंकड़ा बढ़ रहा है। इसकी वजह है सहूलियत और देश के दूरदराज के इलाकों तक इंटरनेट की पहुंच। यूपीआई ने आर्थिक समानता लाने में मदद की है, बैंकों पर से बोझ कम किया है और लेनदेन को चंद सेकंड्स का काम बना दिया है। सबसे बड़ी बात कि इससे लेनदेन पर आम जनता को एक पैसा भी खर्च नहीं करना पड़ता। कुछ तकनीकी खामियों के बावजूद यूपीआई जैसा कोई और सिस्टम दुनिया में मौजूद नहीं, जो इतनी बड़ी आबादी के बीच काम कर सके। यही वजह है कि फ्रांस, सिंगापुर, यूएई, मॉरिशस समेत सात देश इसका इस्तेमाल करने लगे हैं और भविष्य में कई और मुल्क भी इससे जुड़ेंगे। मगर हालात बता रहे हैं कि सुधार कितना जरूरी है। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने भी एनपीसीआई से बोझ कम करने के लिए एक अम्ब्रेला बॉडी बनाने का सुझाव दिया था, लेकिन इस पर बात आगे नहीं बढ़ सकी। हालांकि अब समय की जरूरत को देखते हुए लगता है कि यूपीआई को एरर फ्री बनाने के लिए कुछ जरूरी सुधार तत्काल किये जाने जरूरी है,क्योंकि यूपीआई अब एक नए किस्म की जीवनशैली में शुमार है। साफ है कि इस पर आश्रितो की संख्या बढती ही जाएगी।

# वक्फ संशोधन कानून : कौम के लिए बेहतरी का रास्ता

**कौसर जहां**

वक्फ बोर्ड अधिनियम में संशोधन कानून समय के अनुरूप जरूरी लदान है। आम मुसलमानों को इस मुद्दे पर भड़काने का प्रयास कर रहे कट्टरपंथी तत्व अपनी कौम और देश का बड़ा नुकसान कर रहे हैं। वास्तव में अगर कोई भी समाज सही दिशा में हो रहे परिवर्तन को पूर्वाग्रह से ग्रस्त होकर स्वीकार नहीं करता तो वह जड़ता का शिकार हो जाता है। समय के अनुरूप सुधार के साथ परिवर्तन ही प्रगति का सही रास्ता है। यह मुस्लिम समुदाय में अधिकांश लोगों को समझ आ गया है लेकिन उनको भड़काने की एक सुनियोजित साजिश हो रही है। मैं तर्क सहित कई मुस्लिम विद्वानों से बात करके जानने की कोशिश कर चुकी हूं कि वक्फ सुधार से आखिर आम मुसलमान को फायदा है या नुकसान? कोई भी मुझे यह नहीं समझा सका कि देश के आम मुसलमान का एक भी नुकसान होगा। हां, आम मुसलमान के नाम पर ठेकेदारी करने वालों को इस बात का डर जरूर है कि कहीं उनकी दुकान न बंद हो जाये। उनके अवैध कब्जों की पोल न खुल जाये। जिस संपत्ति का उपयोग आम मुसलमान की बेहतरी के लिए होना चाहिए था उसके दुरुपयोग का भांडा न फूट जाये। अपने इस डर के लिए कट्टरपंथी आम मुसलमान को ढाल बनाना चाहते हैं।

मेरा स्पष्ट मानना है कि आम मुसलमान को वक्फ सुधारों से फायदा है। यह चंद लोगों के एकाधिकार को खत्म करने का प्रयास है जिसका स्वागत होना चाहिए। संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) में इस पर व्यापक चर्चा हुई तो वहां भी विपक्ष और कौम का नुकसान करने का ठेका ले चुके नेताओं ने विध्वंसक एजेंडा अपनाया। इन्होंने सार्थक सुझाव के बजाय चर्चा को रोकने का प्रयास किया। फिर भी जेपीसी रिपोर्ट के बाद मेरा दृढ़ मत है कि जो लोग आज इसका विरोध कर रहे हैं, आज नहीं तो कल उन्हें भी यह समझ आएगा कि यह उनकी भूल थी। यह सुधार मुस्लिम समाज की बेहतरी के लिए है। यह पारदर्शिता के लिए सुधार हैं और भ्रष्टाचार के चंगुल से मुक्त होने का रास्ता इन सुधारों में है।आज मुस्लिम समाज के बीच इस बात की छटपटाहट है कि वे कैसे स्वयं को कट्टरपंथी ताकतों के दबाव से मुक्त करके सुधारों का हिस्सा बनें। मुस्लिम समाज जड़ता से निकल कर कौम की बेहतरी का रास्ता चाहता है। वह विकास की मुख्यधारा से जुड़ना चाहता है।

मुस्लिम महिलाएं भी चाहती है कि उनकी समान भागीदारी का रास्ता खुले। कोई भी समाज अपनी महिलाओं को पीछे रखकर आगे नहीं बढ़ सकता। लेकिन वे कट्टरपंथी भला इसका समर्थन कैसे करेंगे जो हमारी बहनों को तीन तलाक की बेडी से भी मुक्त नहीं होने देना चाहते थे। जब आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में तीन तलाक प्रथा खत्म करने का कानून बना तो सबसे ज्यादा खुश मुस्लिम महिलाएं ही थीं। वक्फ में महिलाओं को प्रतिनिधित्व देने के प्रस्ताव से भी वैसी ही स्वाभाविक खुशी है। महिलाएं संवेदनशील होती हैं। उनकी भागीदारी से भ्रष्टाचार पर अंकुश लगेगा। महिलाएं निर्णय लेने की प्रक्रिया से जुड़ेंगी तो इस संस्था में नये विचार भी आयेंगे। वास्तव में वक्फ सुधार का कदम बहुत पहले उठाया जाना चाहिए था। लेकिन देर आयद दुरुस्त आये। अब मोदी सरकार ने पुरानी गलतियों को सुधार कर नई व्यवस्था के लिए जो संशोधन प्रस्तावित किए हैं उससे वक्फ बोर्ड ज्यादा प्रभावी रूप से काम कर पाएगा। यह सच्चर कमेटी की सिफारिशों के अनुरूप है। जिसकी वकालत कभी यूपीए के लोग करते थे। वोट की राजनीति ने विपक्ष की सोचने समझने की शक्ति खत्म कर दी है। लेकिन मोदी सरकार ने वोट के लिए नहीं, देश के लिए फैसले करने का साहस दिखाया है। वक्फ संशोधन वक्त की जरूरत है और संविधान की भावना के अनुरूप है। संविधान की बुनियाद ही बराबरी के सिद्धांत पर टिकी है। फिर महिलाओं से भेदभाव का अधिकार भला संविधान कैसे दे सकता है। जो लोग इसे धार्मिक मामलों में दखल बता रहे हैं उन्हें यह समझना चाहिए कि यह इबादत से जुडा हुआ मामला नहीं है बल्कि संपत्तियों के प्रबंधन का मामला है। संपत्तियों का बेहतर उपयोग सुनिश्चित करने के लिए आज वक्फ को चुनिंदा लोगों के चंगुल से मुक्त करना जरूरी है।




अधिनियम में संशोधन करके एक पारदर्शी, जवाबदेह और समान प्रतिनिधित्व की व्यवस्था लागू करने का प्रयास किया जा रहा है। मुस्लिम समुदाय के उपेक्षित तबकों की भागीदारी का इंतजाम संशोधन में किया गया है। वहीं महिलाओं को प्रतिनिधित्व देकर मोदी जी की सरकार ने अपनी इस सोच को पुख्ता रूप से सामने रखा है कि विकसित भारत का संकल्प पूरा करना है तो महिलाओं की अनदेखी नहीं की जा सकती। उन्हें हर स्तर पर प्रतिनिधित्व देना होगा। वक्फ की संपत्तियों का दुरुपयोग नहीं हो, उनका सही मूल्यांकन किया जाये। भ्रष्टाचार की संभावना को खत्म करके संपत्ति के अनुपात में राजस्व की व्यवस्था हो , आखिर इसमें क्या बुराई है? कोई भी बोर्ड या निकाय तभी प्रभावी होता है जब उसके संचालन और प्रबंधन में पारदर्शिता हो और जवाबदेही सुनिश्चित की जाये। यही प्रयास नये संशोधनों के माध्यम से सरकार ने किया है। कोई भी व्यवस्था बिना जवाबदेही के निरंकुश हो जाती है। नये प्रावधानों में यह व्यवस्था है कि वक्फ संपत्ति को निष्पक्ष तरीके से चिह्नित किया जाये और अगर कोई विवाद है तो उसका समुचित कानूनी निस्तारण हो। कानून इस लोकतंत्र में सर्वोपरि है। मेरा मानना है इन संशोधनों से वक्फ बोर्ड ज्यादा सक्षम होगा। ज्यादा पारदर्शिता से काम करेगा और ज्यादा जवाबदेह होगा। आखिर कौन से लोग हैं जो वक्फ संशोधन बिल से वक्फ संपत्तियों को रेगुलेट करने का विरोध करना चाहते हैं। नियमन से ऐसी संपत्तियों से संबंधित विवादों को निपटाने का अधिकार मिलेगा। साथ ही बिल के जरिए वक्फ की संपत्ति का बेहतर इस्तेमाल हो सकेगा और मुस्लिम महिलाओं को भी मदद मिल पाएगी।

कानून बदलकर वक्फ में महिलाओं की भागीदारी बढाई जायेगी। इसका विरोध क्या महिलाओं का विरोध नहीं है। सेक्शन-9 और 14 में बदलाव करके केंद्रीय वक्फ परिषद में दो महिलाओं को शामिल करने का प्रस्ताव है। इसके अलावा नए बिल में बोहरा और आगाखानी मुस्लिमों के लिए अतिरिक्त प्रावधान होना क्यों गलत है। हम कैसे कह सकते हैं कि एक अमुक समूह का ही वक्फ पर कब्जा होगा। मेरा मानना है कि पुराना कानून मुसलमानों को बाँटने वाला कानून था। हमें एलीट सोच पर आधारित पुराने कानून की जगह सर्वसमावेशी नए कानून का स्वागत करना होगा। वक्फ बोर्ड के मैनेजमेंट में गैर-मुस्लिम एक्सपर्ट्स को शामिल करने और सरकारी अधिकारियों से वक्फ का ऑडिट कराने से वक्फ के पैसे और संपत्ति का हिसाब-किताब पारदर्शी बनेगा। इसका कोई भी आम मुसलमान भला क्यों विरोध करे? मुस्लिम मौलवी या जो भी तत्व विरोध कर रहे हैं उनको बताना चाहिए कि मुसलमानों की शिक्षा और उनकी बुनियादी जरूरतों को बेहतर करने के लिए उन्होंने कब कोई आंदोलन किया। केंद्र सरकार अब कैग के जरिए वक्फ की संपत्ति का ऑडिट करा सकेगी। इसका विरोध वही करेगा जिसके मन में भ्रष्टाचार से बचने का खौफ हो।

कानूनी बदलाव के लिए सरकार ने जस्टिस सच्चर आयोग और के रहमान खान की अध्यक्षता वाली संसद की संयुक्त कमेटी की सिफारिशों का हवाला दिया है। आखिर यह सिफारिशें गैर मुसलमानों की तो नहीं थीं। यह पढे लिखे मुस्लिम समुदाय के नुमाइंदे थे जो कट्टरपंथियों की नहीं कौम की बेहतरी चाहते थे। वक्फ जमीनों को जिला मुख्यालयों के राजस्व विभाग में रजिस्टर्ड कराने और कम्प्यूटर में रिकॉर्ड बनाने से पारदर्शिता आएगी। न्याय के लिए अदालत जाने का मौका मिलेगा। नए बिल के मुताबिक वक्फ ट्रिब्यूनल में अब 2सदस्य होंगे। ट्रिब्यूनल के फैसले को 90 दिनों के अंदर हाईकोर्ट में चुनौती दी जा सकती है। आखिर विवाद से समाधान की ओर बढने का रास्ता किसे पसंद नहीं आ रहा। यह तो अच्छी पहल है। मेरा मानना है कि मुसलमानों को गुमराह करने वाले लोग कभी भी कौम के रहनुमा नहीं हो सकते । आज वक्फ सुधारों का विरोध करने वाले लोग यह नहीं समझ रहे हैं कि वे अपनी ही कौन की तरक्की का रास्ता रोकने के लिए खडे हो रहे हैं। लेकिन दबाव के आगे कभी भी कोई सार्थक बदलाव दम नहीं तोड सकता। मेरा दृढ मत है कि मोदी सरकार इन भड़काने वाले तत्वों के सामने नहीं झुकेगी । देश का आम मुसलमान इन परिवर्तनों का इंतजार कर रहा है।

**(साभार : लेखिका दिल्ली स्टेट हज कमेटी की अध्यक्ष हैं।)**

## आज का इतिहास

- 1658 : धरमत की लड़ाई में औरंगजेब ने राजा जसवत सिंह को हराया। सिंह को दारा शिकोह और शाहजहां ने औरंगजेब से लड़ाई करने के लिए भेजा था।
- 1689 : फ्रांस ने स्पेन के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।
- 1976 : भारत ने 15 साल में पहली बार बीजिंग में अपना दूत भेजने की घोषणा की।
- 1980 : भारत में छह गैरसरकारी बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया गया। इससे पहले भी कुछ बैंक इसी तरह राष्ट्रीयकृत किए गए थे।
- 1981 : पाकिस्तान एयरवेज के अगवा बोइंग 720 विमान को दो सप्ताह की कोशिश के बाद सीरिया में छुड़ा लिया गया। इस विमान और इसमें सवार 147 लोगों को छुड़ाने के लिए पाकिस्तान सरकार को जेल में बंद 54 लोगों को छोड़ना पड़ा।
- 1994: भारत सहित 109 देशों की गैट समझौते की स्वीकृति।
- 1999: पाकिस्तान की पूर्व प्रधानमंत्री बेनजीर भुट्टो और उनके पति आसिफ अली जरदारी को सरकारी ठेकों में दलाली खाने के आरोप में पांच वर्ष की कैद की सजा।
- 1999: पाकिस्तान ने परमाणु क्षमता वाले अपने दूसरे प्रक्षेपास्त्र शाहीन-1 का परीक्षण किया।
- 2000: आतंकवाद से निपटने के लिए सहयोग के आह्वान के साथ जी -77 शिखर सम्मेलन का हवाना में समापन
- 2003: ब्रिटेन में आयरिश रिपब्लिकन आर्मी ने हथियार डाल देने का निर्णय लिया।
- 2004: राजीव गांधी हत्याकांड से जुड़े लिट्टे उग्रवादी वी. मुरलीधरन की कोलंबो में हत्या।
- 2004 : फ्रांस के राष्ट्रपति जॉक शिराक ने उस कानून पर हस्ताक्षर किए, जिसके जरिए सरकारी स्कूलों में किसी भी तरह के धार्मिक चिह्न पहनने पर पाबंदी लगा दी गई।

# आत्मनिर्भरता की तरफ ठोस कदम बढ़ाए भारत

**सुरेश सेठ**

डोनाल्ड ट्रम्प ने अमेरिका का राष्ट्रपति पद संभालते समय वादा किया था कि वे विश्व में शांति के प्रतीक बनेंगे। उन्होंने इस्राइल-हमास संघर्ष को समाप्त कराने और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मित्रवत संबंधों के आधार पर रूस-यूक्रेन युद्ध को समाप्त करने की बात कही थी। लेकिन धरातल में ये संभव न हुआ।अब युद्ध केवल सीमाओं पर नहीं, आर्थिक मोर्चे पर भी लड़े जा रहे हैं। देश और नेता, जो मूलतः व्यापारी मानसिकता रखते हैं, अब टैरिफ के जरिए एक-दूसरे को कमजोर करने की कोशिश कर रहे हैं। इस आर्थिक युद्ध ने जनता की आजीविका, देश की अर्थव्यवस्था और व्यापारिक स्थिरता बुरी तरह प्रभावित होती है। डोनाल्ड ट्रम्प ने अपने कार्यकाल में दर्जनों देशों के खिलाफ टैरिफ वॉर की शुरुआत की। इन देशों पर अमेरिका ने 10 से 50 प्रतिशत तक शुल्क बढ़ाया। इस नीति का असर केवल वैश्विक व्यापार पर ही नहीं, बल्कि मंदी, बेरोजगारी और आर्थिक अस्थिरता के रूप में साफ दिखने लगा है। अमेरिका ने भारत से आने वाले उत्पादों पर भी शुल्क लगाकर स्पष्ट कर दिया कि वह अब अपनी 'उदार' नीतियों में बदलाव लाएगा। नतीजतन भारत में महंगाई बढ़ेगी, शेयर बाजार गिरे, और आर्थिक योजनाएं प्रभावित हुईं।

भारत, जो अमेरिका से जो उत्पाद आयात करता है, अब मूल्य और कर दोनों के दबाव में है। यदि अमेरिका इन वस्तुओं पर अतिरिक्त शुल्क लगाता है, तो भारतीय बाजार में महंगाई बढ़ेगी। आरबीआई की मौद्रिक नीतियों भी अस्थिरता से प्रभावित हो रही हैं। अमेरिका का कहना है कि भारत और अन्य देश अपने निर्यात पर अत्यधिक शुल्क लगाते हैं, इसलिए वह भी जवाबी शुल्कों की एक श्रृंखला लागू करने की तैयारी कर रहा है। अमेरिका इस कदम को अपने लिए 'मुक्ति दिवस' के रूप में देख रहा है, जबकि उसकी आम जनता इस नीति से पूरी तरह सहमत नहीं है। अमेरिका का मानना है कि समय आ गया है जब उसे अपनी अब तक की उदार व्यापार नीतियों में बदलाव करना चाहिए। इस नीति का सीधा प्रभाव भारत जैसे देशों पर पड़ेगा, जहां घरेलू उत्पादन पर दबाव बढ़ेगा और प्रतिस्पर्धा में गिरावट आ सकती है। यदि अन्य देश भी जवाबी टैरिफ वॉर शुरू कर देते हैं, तो यह न केवल अमेरिका बल्कि भारत जैसे विकासशील देशों के आम नागरिकों के हितों को भी नुकसान पहुंचा सकता है। चाहे अमेरिका का उद्देश्य यही है कि इतना अधिक शुल्क लगाने वाले देशों को भी मजबूरन अपना शुल्क कम करना पड़े परन्तु दुनिया के पिछड़े देशों और भारत के लिए भी अमेरिका अभी तक आशा की एक किरण रहा है। वह इन देशों से जितना माल खरीदता है, उससे कम सामान बेचता है। इन पिछड़े देशों का ऊंचा टैक्स भार उठाते हुए और उन्हें उदार कर देते हुए वह हमेशा घाटे का सौदा करता है।



भारत लंबे समय से अमेरिका पर व्यापारिक सहयोग के लिए निर्भर रहा है, लेकिन अब अमेरिका पहले जैसी उदारता दिखाने को तैयार नहीं है। वह अपने यहां आने वाले उत्पादों पर ऊंची टैरिफ दरें लगाकर वैश्विक व्यापार को प्रभावित कर रहा है। ऐसे में भारत के सामने दो ही विकल्प हैं –एक, अमेरिका के साथ एक विस्तृत द्विपक्षीय व्यापार समझौता कर लिया जाए; दूसरा, टैरिफ युद्ध से डरकर अपने निर्यात उत्पादों पर शुल्क कम कर दिया जाए, ताकि यह करों की लड़ाई बेलगाम न हो जाए। परंतु अमेरिका से टैरिफ युद्ध लड़ना भारत जैसे आयात-आधारित अर्थव्यवस्था वाले देश के लिए बेहद कठिन है। हमारे यहां जिन वस्तुओं का आयात होता है, उनकी मांग इतनी लचीली है कि यदि उनकी आपूर्ति में बाधा आए तो देश का उत्पादन और निवेश प्रभावित हो सकता है। ट्रम्प की इन आक्रामक नीतियों से आर्थिक अस्थिरता और भी बढ़ गई है। इसका समाधान यह नहीं कि भारत अपनी टैरिफ दरें घटाकर अपने ही उत्पादकों और निवेशकों को नुकसान की स्थिति में पहुंचा दे। कृषि क्षेत्र में तो स्थिति और भी जटिल है– भारत अपने कृषि उत्पादों का लगभग 75 प्रतिशत हिस्सा रियायती दरों पर गरीबों में वितरित करता है। ऐसे में यदि इन्हीं उत्पादों को ऊंची दरों पर अमेरिका को निर्यात किया जाएगा, तो घरेलू कीमतों को संतुलित रखना मुश्किल हो जाएगा।

भारत ने इसका एक संभावित समाधान खोजा है– व्यापार की दिशा का वैविध्यकरण और अन्य देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते। हालांकि, अमेरिका की ओर से लगातार अतिरिक्त शुल्क लगाने की धमकियां भारत की नीतिगत स्थिरता को प्रभावित करती हैं। इसलिए अब भारत को यह ठान लेना चाहिए कि वह आयात-निर्भर आर्थिक ढांचे से बाहर निकले और आत्मनिर्भरता की दिशा में ठोस कदम बढ़ाए।

**(साभार : लेखक साहित्यकार हैं, यह उनके निजी विचार हैं)**

> **स्वाभिमान को ठेस लगने पर आचरण की जड़ में घुन लग जाता है और निन्दा फैलने पर मनुष्य उसकी ओर से आँखें बन्द करके खुल्लम-खुल्ला पतन की ओर अग्रसर होने लगता है।**
>
> **- गोपी कान्त**

## निशाना

### पद की है तलाश !



-कृष्णेन्द्र राय

अवसर रहे निहार ।
पद की है तलाश ।।
ना रहना है आम ।
बन ही जाना खास ।।
गुणा भाग में माहिर ।
जा रहा संदेश ।।
पर पहले टटोलना ।
बढ़े ना कलेस ।।
दिख जाए पर जल्द ।
नया कुछ अवतार ।।
मनोरंजन की थोड़ी थोड़ी ।
बहती रहे बयार ।।
फैसला तो मान्य है ।
पर कसक है बाकी ।।
ना आई पर काम ।
कोई भी चालाकी ।।

# जहां नदियों संगम होता वहां जीवन होता है, उसे रौंदने की गलती मत करना : प्रहलाद पटेल

**गंजबासौदा, दोपहर मेट्रो**



नगर पालिका द्वारा पाराशरी नदी पर आयोजित जल गंगा संवर्धन अभियान मैं सहभागिता और श्रमदान करने आए पंचायत एवम ग्रामीण श्रम मंत्री प्रहलाद पटेल ने कहा कि अभी तक मुझे कड़वे अनुभव मिले हैं मैं 32 नदियों के उद्गम स्थल तक गया और उनमें से केवल पांच जगह ही जल सोत्र मिला। जहां उद्गम होता है वहां ऊर्जा होती है और जहां संगम होता है वहां जीवन होता है। उन्हें रोंदने की कोशिश नहीं करनी चाहिए। मैं नर्मदा परिक्रमा वासी हूं और सहायक नदियों की चिंता करना सभी के लिए आवश्यक है। पंचायत एवं ग्रामीण श्रम मंत्री प्रहलाद पटेल ने कहा कि 55 साल पहले पाराशरी नदी लबालब बहती थी और आज यह सूख गई है। 55 साल ज्यादा समय नहीं होता लेकिन बहुत कम समय भी नहीं होता। इसलिए हम सबको चेतना बहुत जरूरी है। उन्होंने बेतवा की चर्चा करते हुए कहा कि अगर बेतवा की धारा रुक जाए तो जीवन नष्ट हो जाएगा। मंत्री पटेल ने कहा कि पहले नदियों के 200 मीटर के दायरे में किसी भी प्रकार का निर्माण या खुदाई नहीं की जाती थी और इसकी एक अपनी मर्यादा थी। लेकिन अब देखने में यह आ रहा है की सारी मर्यादाएं ताक पर रखकर अब नदी के 10 मीटर तक के दायरे को खुद देते हैं जो बहुत गलत है। हम सब पौधारोपण तो करते हैं और यदि उन्हें पेड़ नहीं बना सकते तो पौधारोपण करने का कोई औचित्य नहीं है। हमें दृढ़ता के साथ संकल्प लेना होगा तभी पौधारोपण को सार्थक जीवन मिलेगा। हमें पौधे को 4 साल तक देखभाल करके जीवन देने का काम करना है और 4 साल बाद वही पौधा पेड़ का रूप लेकर हमें जीवन प्रदान करेगा। मंत्री पटेल ने बताया कि आज लालच बढ़ गया है और धैर्य कम हो गया है जबकि प्रगति रहती है कि हमें धैर्य ज्यादा रखना होगा और लालच कम करना होगा। आज का नौजवान सुविधा भोगी हो गया है उसे गाड़ियों में घूमने और एसी में रहने की आदत पड़ गई है। वर्तमान में नौजवानों के सामने बड़ी चुनौती सामने आई है उनका जीवन सुविधा भोगी जीवन हो चुका है। मैंने कुछ साल पहले एक लेख लिखा था जिसका शीर्षक था नदी को नहर मत बनने दो। नदी को सूखने व सकरी होने से बचाना होगा। हम सभी को एक बार फिर चेतन होगा और श्रम से जीवन चुराना होगा इसमें सभी को शामिल करें।जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ डॉक्टर भीमराव अंबेडकर और मां सरस्वती के चित्र के समक्ष पूजन अर्चन करके किया गया। इसके बाद मंत्री पटेल और सभी ने मिलकर पाराशरी नदी में करीब 1 घंटे तक श्रमदान किया।

### खाद्य मंत्री ने अफसरों को दिये निर्देश, कैंप लगाकर हितग्राहियों की ई-केवायसी करवाएं

# राशन हितग्राही 30 अप्रैल तक करा लें ई-केवायसी : राजपूत

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**





खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत ने राष्ट्रीय खाद्य, सुरक्षा अधिनियम के पात्र हितग्राहियों की ई-केवायसी 30 अप्रैल तक विशेष अभियान चलाकर करने के निर्देश दिये हैं। मंत्री श्री राजपूत ने बताया है कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत 543.31 लाख पात्र हितग्राहियों में से शेष 108.27 लाख हितग्राहियों की ई-केवायसी 30 अप्रैल तक पूर्ण करने के निर्देश भारत सरकार द्वारा प्राप्त हुए हैं। समय-सीमा में समस्त पात्र हितग्राहियों की ई-केवायसी न होने पर हितग्राहियों को खाद्यान्न प्राप्त करने में कठिनाई हो सकती है। इसलिये समस्त पात्र हितग्राहियों के ई-केवायसी समय-सीमा में पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए हैं।

मंत्री श्री राजपूत ने बताया कि 9 अप्रैल से 30 अप्रैल तक प्रदेश में ई-केवायसी कराने का विशेष अभियान चलाया जा रहा है। विशेष अभियान में ई-केवायसी से शेष रह गये सभी पात्र हितग्राहियों की सूची पीओएस मशीन, स्थानीय निकाय, जेएसओ लॉगिन पर उपलब्ध कराई गयी है। उन्होंने बताया कि विशेष अभियान में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग तथा नगरीय प्रशासन विभाग के स्थानीय अमले का सहयोग लिया जा रहा है।

#### सभी संभागायुक्त एवं कलेक्टर्स को जारी हुये निर्देश

राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के तहत शामिल पात्र हितग्राहियों के ई-केवायसी 9 से 30 अप्रैल तक जिलावार पूर्ण कराने के लिये खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग की अपर मुख्य सचिव रश्मि अरुण शमी ने समस्त संभागायुक्त एवं कलेक्टर्स को ई-केवायसी कार्य को गंभीरता से तिथिवार पूर्ण कराने के निर्देश जारी किये हैं। एसीएस श्रीमती रश्मि अरुण शमी ने कहा है कि ई-केवायसी से शेष हितग्राहियों की संख्या के अनुसार जिलों हेतु निर्धारित दैनिक लक्ष्य के अनुसार निर्धारित समय-सीमा में शत-प्रतिशत पात्र हितग्राहियों के ई-केवायसी पूर्ण कराये जाये। उन्होंने अफसरों को ई-केवायसी कार्य के जागरूकता के लिये व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश भी दिये हैं।

#### कैंप लगाकर करायी जाएगी ई-केवायसी

खाद्य मंत्री श्री राजपूत ने कहा है कि अभियान में हितग्राहियों की ई-केवायसी ग्रामवार एवं मुहल्लेवार कैंप लगाकर की जाये। ई केवायसी करने गठित दलों को ग्राम अथवा मोहल्ले की सभी हितग्राहियों की ई-केवायसी करने के बाद ही अन्य ग्राम या मोहल्ले में कैंप आयोजित किये जाये। ई-केवायसी के दौरान परिवार के किसी सदस्य की मुत्यु होने, स्थायी रूप से प्रवास पर जाने एवं डुप्लीकेट होने पर एम राशन मित्र पोर्टल पर स्थानीय निकाय के लॉगिन से विलोपन हेतु प्रविष्टि की जाएगी।

# शहीद भगत सिंह कॉलेज में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत शहीद भगत सिंह शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, पिपरिया में विभिन्न जागरूकता गतिविधियाँ आयोजित की गईं।

इस अवसर पर जल संगोष्ठी, भाषण प्रतियोगिता, निबंध लेखन एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन कर विद्यार्थियों को जल संरक्षण के महत्व से अवगत कराया गया। विद्यार्थियों ने जल संरक्षण एवं जल संरचनाओं के पुनरुद्धार हेतु इस अभियान को व्यापक स्तर पर संचालित करने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में विकासखंड समन्वयक दयाशंकर उमरे ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि, जल ही जीवन है और इसकी एक-एक बूंद की कीमत समझना आज की आवश्यकता है। जब तक हम सभी मिलकर प्रयास नहीं करेंगे, तब तक यह अभियान सफल नहीं हो पाएगा। उन्होंने जल संकट की गंभीरता, जल की उपलब्धता और उसके संभावित समाधानों पर विस्तृत जानकारी दी। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी मेंटर्स, नवांकुर प्रतिनिधि, बी.एस.डब्ल्यू. एवं एम.एस.डब्ल्यू. के विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को जल संरक्षण के प्रति संवेदनशील बनाना एवं समाज में जागरूकता फैलाना रहा।

# अखिल भारत हिंदू महासभा ने मनाया स्थापना दिवस



**इटारसी, दोपहर मेट्रो**

अखिल भारत हिंदू महासभा का 110 वाँ स्थापना दिवस शिवराजपुरी कॉलोनी, पुरानी इटारसी में अखंड भारत के संकल्प के साथ मनाया गया। समारोह का शुभारंभ भारत माता के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। हिंदू महासभा के प्रदेश महामंत्री कन्हैयालाल रैकवार ने हिंदू महासभा के वीर सावरकर, पं मदन मोहन मालवीय, श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं स्वामी परमानंद के योगदान एवं समर्पण को याद करके सभी को अखंड भारत का संकल्प कराया। प्रदेश कार्यालय प्रभारी डॉ. प्रताप सिंह वर्मा ने आगामी 20 अप्रैल 2025 को शाम 5 बजे से आयोजित होने वाली हिंदू नव वर्ष शोभायात्रा की रूपरेखा से सभी को अवगत कराया। उन्होंने बताया कि इस हिन्दू नववर्ष भव्य यात्रा में बाहुबली हनुमान एवं भारत माता की आकर्षक झाँकी इटारसी के मुख्य मार्गो से निकाली जाएगी। जिला अध्यक्ष उदय मसानिया एवं नगर अध्यक्ष जितेंद्र मालवीय ने पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में वक्फ बोर्ड संशोधन के विरोध स्वरूप मुसलमानों के द्वारा होने वाले हिंदुओं पर हमलों को तत्काल रोकने का आह्वान किया। वहां से हिंदुओं का पलायन जारी है यदि अति शीघ्र पश्चिम बंगाल की सरकार इन लोगों को रोकने में असमर्थ रहती है तो मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का पुतला दहन करके केंद्रीय गृहमंत्री को वहाँ की सरकार बर्खास्त करने का ज्ञापन दिया जाएगा। स्थापना दिवस आयोजन में महिला मोर्चा संभाग अध्यक्ष प्रियंका रिछारिया, नगर अध्यक्ष नीतू रामहरिया, उपाध्यक्ष उषा वर्मा, छात्रसंघ अध्यक्ष महक रामहरिया, नगर उपाध्यक्ष अनिल मेहरा, संगठन मंत्री मयंक रैकवार, सह मंत्री मनोज सोड़कर, कार्यकारिणी सदस्य महेश साहू, सोनू कुचबंदिया, संध्या चौहान, संगीता धार्मिक, ममता सोनी, रिंकी कोहली, अंतिमा मालवीया, मधुसूदन गौर, ओमकार वर्मा, राकेश सावल्ले उपस्थित रहें।

### मण्डी तौल में गड़बड़ी की शिकायत पर हुई कार्यवाही

# दो फर्मो के क्रय विक्रय पर लगाया पूरी तरह प्रतिबंध

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

ग्राम सेमरी हरचंद स्थित मण्डी परिसर में गत दिवस सायं 4.30 बजे कुछ कृषकों द्वारा मण्डी तौल में अनियमितता की मौखिक शिकायत की गई। शिकायत प्राप्त होते ही मण्डी सचिव एवं स्टाफ द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर प्रारंभिक जांच की गई एवं घटना की जानकारी भारसाधक अधिकारी/अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सोहागपुर अनिल जैन को दी गई। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सोहागपुर अनिल जैन एवं तहसीलदार सोहागपुर के नेतृत्व में मौके पर पुनः तौल कराई गई। पुनः तौल के दौरान यह तथ्य सामने आया कि पूजा ट्रेडर्स एवं के. के. पालीवाल फर्म द्वारा बोरो में अधिक वजन तौला गया है।

स्थिति की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए निर्णय लिया गया कि तौल में अंतर का भुगतान संबंधित फर्म द्वारा कृषकों को किया जाएगा। मामले की विस्तृत जांच हेतु एक समिति का गठन किया गया है जो सभी बिंदुओं पर जांच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करेगी। जांच पूर्ण होने तक दोनों फर्मो पूजा ट्रेडर्स एवं के. के. पालीवाल के क्रय-विक्रय पर रोक लगा दी गई है। जांच समिति की रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरांत मण्डी प्रावधानों एवं लाइसेंस की शर्तों के तहत नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

### नर्मदा आव्हान समिति द्वारा देवनगर में विराट कवि सम्मेलन आज

**नर्मदापुरम।** नर्मदा आव्हान सेवा समिति व्दारा विराट कवि सम्मेलन का आयोजन देवनगर रायसेन में 25 अप्रैल को किया जायेगा। केप्टिन करैया ने बताया कि हमारे मार्गदर्शक,शुभचिंतक, देश के कुशल मंच संचालक,ओज के प्रख्यात कवि कौशल सक्सेना के जन्मदिन के उपलब्ध में चतुर्थ वर्ष में 15 अप्रैल रात्रि 8 से बगीचा धाम हनुमान मंदिर देवनगर जिला रायसेन मे किया जा रहा है। आयोजक केप्टिन करैया ने बताया की कवि सम्मेलन मे अतिथियों मे अंतरराष्ट्रीय कवि चौधरी मदनमोहन समर, जिला अध्यक्ष भाजपा रमेश शर्मा,जिला पंचायत सदस्य सोनू मीना, अध्यक्ष हिन्दू उत्सव समिति सुरेश साहू एंव सरपंच श्रीमती रचना श्रीवास्तव की गरिमापूर्ण उपस्थिति मे होगा। समिति के वरिष्ठ पदाधिकारी हंस राय ने बताया की जलाल मयकश,सुनील केहरी भोपाल,पं.महेन्द्र मधुर आष्टा,लोमश गौर, दीपक यदुवंशी आमला,कपिल दुबे, बालकवि दुहित गौर हरदा, सुनिता पटैल जबलपुर,ज्योति श्रीवास्तव पिपरिया अपनी प्रस्तुति देंगे।

# भाजपा नेता के नेतृत्व में पोस्ट ऑफिस घाट क्षेत्र में चलाया सफाई अभियान



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

मध्य प्रदेश शासन के गाँव चलो अभियान के अन्तर्गत आमजन में साफ सफाई स्वच्छता का संदेश देने के उद्देश्य से सोमवार को प्रातः 9.00 बजे वार्ड क्रमांक 8 नर्मदापुरम के पोस्ट आफिस घाट पर पूर्व पार्षद जितू तिवारी के नेतृत्व में मध्यप्रदेश तैराकी संघ अध्यक्ष एवं युवा भाजपा नेता पियूष शर्मा की उपस्थिति में स्वच्छता अभियान चलाया गया। सामाजिक कार्यकर्ता विलास नीले ने बताया कि इस अवसर पर पूरे घाट स्थल एवं नर्मदा नदी किनारे फैले कचरे को नगरपालिका की टीम के सहयोग से साफ सुथरा किया गया।

इस अवसर पर कोठी बाजार क्षेत्र के भाजपा के नेता, गणमान्य नागरिक, युवाओं एवं समाजसेवी लोगों ने स्वच्छता अभियान में योगदान दिया। भाजपा नेता पीयूष शर्मा ने बताया कि मध्य प्रदेश शासन द्वारा गांव चलो अभियान के अंतर्गत आमजन में साफ सफाई स्वच्छता का संदेश देने के उद्देश्य से इस प्रकार के स्वच्छता अभियान चलाए जा रहे हैं।

निश्चित इससे नागरिकों में जागरूकता उत्पन्न होगी और वह अपने आसपास के क्षेत्र नदी तालाब को स्वच्छ रखने में सहायक होंगे।

**मेट्रो एंकर**

### उत्साह पूर्वक मनाई गई भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती

# भेदभाव रहित समाज का निर्माण करने सभी तत्पर रहें : देवी मेहर

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**



नगर के पुराना बस स्टैंड स्थित बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थल पर अजाक्स संघ द्वारा डॉक्टर अंबेडकर जयंती मनाई गई. कार्यक्रम में उपस्थित जनों द्वारा डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया. इस अवसर पर जय भीम के नारों से प्रतिमा स्थल गूंज उठा तथा बाबा तेरी नेक कमाई तुमने सोती कोम जगाई, भारतीय संविधान अमर रहे बाबासाहेब अमर रहे समता मूलक समाज संपन्न रहे आदि नारे लगाए गए.

कार्यक्रम में उपस्थित सभी को बाबा साहेब की जयंती के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी.अजाक्स संघ तहसील अध्यक्ष देवी प्रसाद मेहर ने संकल्प दिलाया कि हम सब एक हैं किसी प्रकार का भेदभाव हमारे बीच में नहीं है. हम भेदभाव रहित समाज का निर्माण करने के लिए हमेशा तन मन धन से तत्पर रहेंगे और आसपास के क्षेत्र में समता मूलक विकासात्मक समाज का निर्माण करेंगे. किसी से भेदभाव नहीं करेंगे.इस अवसर पर संघ के संयुक्त सचिव राजेश मेहरा टीकाराम मोहनिया कैलाश मेहरा आदित्य मैहर आजीवन सदस्य जीवन सिंह ऊईके कैलाश मेहरा आरती बकोरिया सहित कई लोग उपस्थित रहे.

### अजाक्स ने मनाई बाबा साहब की जयंती




**गंजबासौदा।** मध्यप्रदेश अनुसूचित जाति जनजाति अधिकारी एवं कर्मचारी संघ ने अंबेडकर जी की 134वी जयंती स्थानीय अंबेडकर चौक पर मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ अजाक्स के जिला अध्यक्ष एलआर अहिरवार द्वारा बाबासाहेब के छाया चित्र पर माल्यार्पण एवं द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। अहिरवार ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि बाबासाहेब भारत रत्न नहीं विश्व रत्न है आज हमें बाबासाहेब के जो तीन सूत्र है शिक्षित बनो, संगठित रहो, संघर्ष करो पर अमल करना चाहिए। दो रोटी कम खाएं लेकिन अपने बच्चों को अवश्य पढाए। क्योंकि बाबासाहेब ने कहा था कि शिक्षा वह शेरनी का दूध जो पियेगा वह दहाड़ेगा। बाबासाहेब द्वारा रचित संविधान दुनिया का सबसे शानदार संविधान हैं। अजाक्स संघ के एडवोकेट इमरत तिलवार ने बाबासाहेब के जीवन पर प्रकाश डाला। कैलाश बाबू ने बाबासाहेब ने कैसी विषम परिस्थितियों शिक्षा ग्रहण की उस पर प्रकाश डाला। ओपी प्रजापति और भरत सराठे ,निहाल सिंह पंथी ने अपनी कविताओं से सबका मन मोह लिया। महेंद्र दिवाकर ने बाबा साहेब के संघर्षों को बताते हुए उनके आचरणों पर चलने के लिए आह्वान किया। शिवरतन सुमन, और बसंत राठौर ने बाबा साहेब के गीत गाए ।राजाराम अहिरवार,एलपी आर्य, राजेन्द्र दोहरे, रघुवीर सिंह और वुद्ध विहार के अध्यक्ष दौलत सिंह दीपांकर ने भी संबोधित किया।

## अंबेडकर जयंती पर निकला चल समारोह, जगह-जगह हुआ स्वागत

# नपा से लटेरी चौराहे तक की सड़क बाबा साहब के नाम से जानी जाएगी : शर्मा

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

सोमवार को संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर जी की जन्म जयंती पर कई कार्यक्रमों का आयोजन हुआ उनके अनुयायियों ने भव्य चल समारोह निकाला जिसका जगह-जगह विभिन्न समाज जन समाजसेवी संगठनों ने स्वागत किया सुबह पुरानी बस स्टैंड स्थित अंबेडकर जी की प्रतिमा पर जनता पार्टी और कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ अन्य संगठनों ने माल्यार्पण करके उनके बताए मार्ग चलने का संकल्प लिए। विधायक उमाकांत शर्मा ने भी माल्यार्पण बाबा साहब पथ चिन्हों पर चलने का संकल्प लिया इसके अलावा चल समारोह के समापन के बाद हुए कार्यक्रम में विधायक उमाकांत शर्मा ने तहसील मार्ग अंबेडकर जी के नाम से करने की घोषणा की इसके अलावा सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 10 लख रुपए की राशि देने की घोषणा की।

भारत रत्न एवं संविधान निर्माता बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जन्मजयंती के उपलक्ष्य में। जाटव शिक्षक जन कल्याण समिति एवं अहिरवार समाजजनों के द्वारा नगर में भव्य चल समारोह का आयोजन किया गया भाई चल समारोह का विभिन्न संगठनों समाज सेवी संगठन सदस्यों और नगर वासियों ने पुष्प वर्षा करके स्वागत किया खुली जीप में बाबा साहब की बड़ी तस्वीर विराजमान थी डीजे पर बज रहे बाबा साहब के गीतों पर युवा झूमती नाचते हुए चल रहे थे। शोभायात्रा नगर के मुख्य मार्गो से होते हुए पुरानी बस स्टैंड स्थित बाबा साहब अंबेडकर की प्रतिमा के पास समापन हुआ यहां पर आयोजित कार्यक्रम में विधायक उमाकांत शर्मा ने सहभागिता करते हुए अंबेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके कार्यक्रम शामिल में लोगों का पुष्प बर्ष करके सम्मान किया।





उन्होंने भाजपा के निर्देशानुसार संविधान की प्रस्तावना का पाठ किया तथा विधायक निधि से 10 लाख की राशि से सामुदायिक भवन निर्माण की घोषणा की। इस दौरान उन्होंने बाबा साहब को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए लटेरी नाका से तहसील रोड, थाने के सामने तक की सड़क बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी के नाम से जानी जाए इसकी घोषणा भी की।

### माल्यार्पण अर्पण करके बाबा साहब को किया याद

पुरानी बस स्टैंड पर स्थित बाबा साहब की प्रतिमा पर भारतीय जनता पार्टी एवं कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं ने पहुंचकर अंबेडकर जी प्रतिमा पर माल्यार्पण करके उनको याद करके उनके द्वारा बताए गए रास्ते में चलने का संकल्प लिया। भाजपा संगठन के द्वारा बूथ केंद्रों पर संगोष्ठी आयोजित करके बाबा भीमराव जी का स्मरण किया।

डॉ अंबेडकर की जयंती पर बूथ केंद्रों पर आयोजित संगोष्ठियों में वक्ताओं ने उनके जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला। बूथ क्रमांक 195 पर आयोजित कार्यक्रम को पूर्व नपाध्यक्ष संतोष चौरे ने संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस ने कभी भी अंबेडकर जी को वो सम्मान प्रदान नहीं किया जिसके वो असल हकदार थे। उन्हें तत्कालीन प्रधानमंत्री नेहरू के विरोध के बाबजूद अपनी योग्यता के दम पर संविधान सभा का अध्यक्ष बनाया गया। भारतीय जनता पार्टी ने सदैव उनके दिखाए मार्ग का पालन करते हुए संविधान अनुसार देश चलने का काम किया है।

देश में राज करने वाली कांग्रेस ने 70 साल के शासन में उनको कभी सम्मान नहीं दिया लेकिन भाजपा की सरकार में उनको भारत रत्न के सर्वोच्च सम्मान प्रदान किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में अनुसूचित जाति जनजाति वर्ग के कल्याण के लिए अनेकों योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। महू में भाजपा सरकार ने भव्य स्मारक बनवाकर उनकी जन्मस्थली की देश दुनिया में पहचान दिलाई है। इस दौरान हरीबाबू भार्गव,,रमेश यादव,मंडल अध्यक्ष सीताराम कुशवाह,सुमंत मित्तल,हरिचरण अहिरवार,संतोष रघुवंशी,रूपेश यादव, पारस तारण,सचिन शर्मा, अनिल यादव, नरेंद्र पाटीदार, सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## डॉ बाबा साहब की प्रतिमा पर मंत्री ने किया माल्यार्पण

### सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 25 लाख की राशि देने की श्रम मंत्री ने की घोषणा

**विदिशा।** डॉ बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर बासौदा जनपद पंचायत के लाल पठार में आयोजित कार्यक्रम में पंचायत एवं ग्रामीण विकास, श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल शामिल हुए। मंत्री पटेल ने सबसे पहले डॉ बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरूआत की । मंत्री श्री पटेल ने कहा कि भारत रत्न डॉ बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर की मंशा के अनुरूप केन्द्र एवं राज्य सरकार के द्वारा गरीबो, शोषित और पिछड़े समुदाय को विकसित करने के लिए विशेष पहल की जा रही है। उन्होंने कहा कि हम सबको संविधान का पालन कर जागरूक नागरिक होने का परिचय देना चाहिए। उन्होंने लाल पठार में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 25 लाख रूपए की राशि देने की घोषणा की है। मंत्री श्री पटेल ने इस दौरान लाल पठार के वायोवृद्धो का अपने हाथो से स्वागत किया और सभी से आव्हान किया कि वे स्वयं शिक्षित हो और अपने बच्चो को शिक्षित करें। बाबा साहब अम्बेडकर के द्वारा बतलाए गए मार्ग का अनुसरण कर हम देश को प्रगति के उच्च शिखर तक पहुंचा सकते है। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक व अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहें।




# स्कूल में बच्चों को पढ़ाई के लिए सरपंच ने टीवी दी


फाइल फोटो

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

अबुढान स्कूल में डिजिटल पढ़ाई के लिए स्कूली बच्चों को टीवी नहीं होने से इसका लाभ नहीं लंबे समय से मांग की जा रही थी उस मांग को सरपंच ने डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जन्म जयंती के उपलक्ष्य में एकीकृत शासकीय माध्यमिक शाला अबुढाना में विशेष ग्राम सभा का आयोजन हुआ जिसमें ग्राम के सरपंच लक्ष्मण सिंह जी राजपूत द्वारा विद्यार्थियों को डिजिटल कक्षाओं हेतु स्मार्ट टीवी प्रदान की गई।

इस अवसर पर सरपंच श्री लक्ष्मण सिंह जी राजपूत जी द्वारा बताया गया कि आज का युग तकनीक का युग है ऐसे समय में हमारे ग्राम के विद्यार्थी भी किसी भी प्रकार से तकनीकी ज्ञान से वंचित न रहे इसीलिए विद्यालय में स्मार्ट कक्षा हेतु स्मार्ट टीवी प्रदान करने का विचार उनके मन में आया। उनका कहना है कि विद्यालय की व्यवस्थाओं में सुधार किया जा रहा है । बेहतर शिक्षा से ही एक सशक्त समाज का निर्माण किया जा सकता है इसी उद्देश्य से माननीय सरपंच महोदय ने ग्राम के बच्चों की बेहतर शिक्षा हेतु विद्यालय को स्मार्ट टीवी की सौगात प्रदान की। इस कार्यक्रम में ग सरपंच लक्ष्मण सिंह राजपूत, शाला प्रभारी शुभम शर्मा, सचिव महेश मालवीय, विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्य अवधेश राजपूत ,भोलाराम सेन ,सुरजीत राजपूत , सुमित राजपूत एवं अन्य ग्रामीण जन उपस्थित रहे। सरपंच महोदय की इस पहल से समस्त ग्राम वासियों में भी खुशी देखी गई।

## 3 दिनों की छुट्टी के बाद आज खुलेगी मंडी, एक दिन पहले ही पहुंचे किसान

**सिरोंज।** तीन दिनों से सरकारी छुट्टियां होने के कारण मंडी तथा बैंकों में कामकाज नहीं हो रहा था इसके चलते सभी को परेशानी हो रही सब ज्यादा परेशानी किसानों को अपनी फसल विक्रय नहीं होने से हो रही थी इसके अलावा तीन दिनों बैंकों में भी अवकाश के कारण कामकाज बंद है।



मंगलवार सब खुलने से बाजार में भारी चहल-पहल रहेगी जाम के कारण जरूर सभी को परेशानियों का सामना करना पड़ा सकता है। प्रशासन के द्वारा मंडी रोड से अतिक्रमण और ठेकेदार द्वारा डाली गई मिट्टी को हटवाने का काम नहीं किया है। सोमवार से ही मंडी में फसल बेचने के लिए कृषकों का पहुंचने का सिलसिला प्रारंभ होगा इसके चलते मंडी परिसर पूरी तरह किसानों की ट्रैक्टर ट्रालियों से खांच खांच भरा हुआ दिखाई दे रहा है। जिसको देखते हुए मंगलवार को मंडी में सीजन की सबसे बड़ी आवक भी हो सकती है। उसको देखते हुए प्रशासन को उचित व्यवस्था करनी चाहिए जिससे कि जाम के हालात न बने किसानों के साथ आम जनता को भी परेशानी न हों मंडी बायपास रोड पहले अतिक्रमण और मिट्टी को हटवाने का कार्य करके मार्ग को चौड़ कर दिया जाए तो जाम की समस्या का काफी हद तक समाधान हो जाएगा।

## 25 दिवसीय टेनिस बॉल नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट

# फाइनल मुकाबले में बगरोदा ने सालरी को पराजित करके, ट्रॉफी पर किया कब्जा

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

ग्राम सालरी में पंचायत स्तरीय नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट में फाइनल मुकाबले में बगरोदा ने सालरी को आठ विकेट से हराकर टूर्नामेंट पर किया कब्जा कर लिया। रात्रि में दो सेमीफाइनल मुकाबले हुए। फाइनल में पहले बैटिंग करते हुए ग्राम सालरी की टीम ने 12 ओवर में 137 रन का विशाल स्कोर बनाया। जिसका पीछा करते हुए बगरोदा इलेवन के ओपनर एवं कप्तान भूपेश उर्फ टिंकू रघुवंशी और रवि रघुवंशी की जोड़ी ने धुआंधार बल्लेबाज करते हुए चार ओवर के पावर प्ले में 73 रन ठोक डाले, जिसमें टिंकू ने जबरदस्त बैटिंग करते हुए नौ गगनचुंबी छक्कों के साथ 63 रन की बेहतरीन पारी खेलकर मैन ऑफ द मैच चुने गए, वही विशाल रघुवंशी ने स्टेड पर



छक्का जड़कर कर 9 ओवर में 137 रन का विशाल लक्ष्य प्राप्त कर टूर्नामेंट जितने में भूमिका निभाई। वही कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पंडित प्रशांत पालीवाल ने विजेता टीम बगरौदा इलेवन 21000 रुपए की नगद राशि और शील्ड प्रदान की, तथा दूसरा स्थान प्राप्त करने वाली टीम सालरी को जनपद सदस्य प्रतिनिधि डॉक्टर विनोद शर्मा ने 11000 रुपए की राशि और पुरस्कार प्रदान किया।

इसके अलावा तृतीय पुरस्कार की 5100 की राशि गांव के सरपंच प्रतिनिधि द्वारा आनंदपुर टीम को प्रदान की गई। फाइनल मैच देखने के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीण जन मौजूद थे।

## केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान ने स्वयं की फार्मर आईडी बनवाई

# किसान फार्मर आईडी अवश्य बनवाएं ताकि योजनाओं और सुविधा का लाभ प्राप्त करने में परेशानी ना हो : शिवराज सिंह

**विदिशा , दोपहर मेट्रो**

केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने आज अपने विदिशा के खाम बाबा स्थित फार्म हाउस पहुंचकर स्वयं की फार्मर आईडी बनवाकर विदिशा जिले के सभी किसान बंधुओं से फार्मर आईडी बनवाने की अपील की है, ताकि उन्हें शासन की समस्त योजनाओं और सुविधाओं का लाभ फार्मर आईडी के माध्यम से मिल सके।

चौहान ने कहा कि पूरे देश में फार्मर आईडी बनाए जाने के लिए अभियान जारी है। अब तक साढ़े 5 करोड़ किसानों की फॉर्मर आईडी का कार्य किया जा चुका है। मध्यप्रदेश में ही 78 लाख किसानों की फार्मर आईडी बन चुकी है। शेष अन्य रह गए किसानों से उन्होंने अपील करते हुए कहा है कि किसान बंधु फार्मर आईडी अवश्य बनवाएं ताकि उन्हें शासकीय सुविधाओं और विभिन्न योजनाओं का लाभ मिल सके।

शिवराज ने फार्मर आईडी जनरेट करने के



उपरांत मीडिया कर्मियों को अवगत करते हुए कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व में किसान पहचान पत्र डिजिटल क्रांति का लाभ किसानों तक पहुंचे इसके लिए देश में डिजिटल कृषि मिशन प्रारंभ किया गया है। इसी के अंतर्गत प्रत्येक किसान का पहचान पत्र फार्मर आईडी बनाई जा रही है। फार्मर आईडी में किसानों से संबंधित सभी जानकारी एक जगह दर्ज होगी। किसान के नाम कौन सी जमीन है, उसका खसरा नंबर क्या है, परिवार में कितने सदस्य हैं, खेत की मिट्टी का स्वास्थ्य कैसा है, कौन-कौन से तत्व हैं, क्या कमियां है और गाय, भैंस, बकरी इत्यादि का विवरण एक ही आईडी में दर्ज होगा। सारी जानकारी किसान से संबंधित एक ही जगह होगी तो इससे किसानों को फायदा मिलेगा। शासन की योजनाओं का लाभ लेने में कोई परेशानी नहीं होगी। दस्तावेज लेकर यहां-वहां भटकना नहीं पड़ेगा। चौहान ने कहा कि पहले किसानों को शासन की योजनाओं का लाभ लेने या अन्य सुविधाओं का लाभ लेने में समय लगता था। किसानों को परेशानियां होती थी लेकिन अब किसानों की सारी जानकारी फार्मर आईडी के माध्यम से एक ही जगह दर्ज होने से उन्हें सुविधा होगी। बैंकों में फार्मर आईडी दिखाकर ऋण के लिए अर्जी दे सकेंगे। जिससे बैंक उन्हें ऋण स्वीकृत कर सकेगी। पीएम किसान सम्मन निधि का सीधा लाभ किसानों के बैंक खातों में पहुंचेगा। एमएसपी पर फसल विक्रय के लिए भी सुविधा उपलब्ध होगी। साथ ही साथ फसल बीमा का लाभ भी बिना किसी परेशानी के किसानों को मिल सकेगा।

**मेट्रो एंकर** बुंदेलखंड में पहली बार बसाएं जाएंगे बायसन, देहरादून वाइल्ड लाइफ इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया की विशेष टीम जल्द करेंगी टाइगर रिजर्व का दौरा

# टाइगर रिजर्व में बायसन लाने की तैयारी हुई तेज, टीम कर रही सर्वे

**विशाल रजक तेन्दूखेड़ा, दोपहर मेट्रो**

वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व में लगातार बाघों का कुनबा बढ़ने के साथ ही अन्य जंगली जानवरों की आबादी में इजाफा हो रहा है तो वहीं गिद्धों व प्रवासी पक्षियों का बसेरा भी बना हुआ है। वहीं प्राकृतिक संपदा से भरपूर दमोह जिले का भविष्य भी टूरिज्म के लिहाज से जल्द ही संवरने की उम्मीद है। जिले से रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व क्षेत्र में वनक्षेत्र का हिस्सा शामिल होने से उसमें व रिजर्व के पुराने वनक्षेत्र में इंडियन बायसन को लाने की तैयारी शुरू हो गई है। भारतीय वन्य जीव संस्था देहरादून की टीम वनक्षेत्र का सर्वे कर रही है ताकि पता चल सके कि उक्त वन क्षेत्र इंडियन बायसन अर्थात गौर के रहने के लिए उपयुक्त है या नहीं। टीम का एक बार औपचारिक भ्रमण होने के बाद अब जल्द ही अगला दौरा होना है। टूरिज्म के मामले में दशकों से उपेक्षित दमोह जिला भी जल्द ही टूरिज्म का हब बनने की उम्मीद जगी है।

### प्राकृतिक संतुलन बनाने में गौर की अहम भूमिका

बताया जा रहा है कि गौर, सबसे बड़ा जंगली मवेशी है और प्राकृतिक पारिस्थितिक तंत्र में संतुलन बनाए रखने में अहम भूमिका निभाता है। वन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि गौर के आने से रिजर्व की पारिस्थिक तंत्र को मजबूती मिलेगी और अन्य वन्यजीवों को प्राकृतिक



रूप से विकसित होने में सहायता मिलेगी, जून से पहले सर्वे पूरा हो जाएगा। सर्वे में रिजर्व का पर्यावरण अनुकूल पाया गया तो गौर को सतपुड़ा और पेंच टाइगर रिजर्व से लाकर बसाया जाएगा। इन दोनों रिजर्वों में गौर की अच्छी संख्या मौजूद है। इसके अलावा, अलग-अलग क्षेत्रों के गौर लाने से जीन मिक्सिग भी सुनिश्चित होगी

### डोंगरगांव क्षेत्र रहेगा उपयुक्त

गौर घने जंगलों, पहाड़ी क्षेत्रों और घास के मैदानों में रहना पसंद का करते हैं। टाइगर रिजर्व में नरसिंहपुर जिले का डोंगरगांव क्षेत्र इसके लिए सबसे उपयुक्त माना जा रहा है। यहां पर्याप्त जल स्त्रोत, बांस के पेड़ और घास के मैदान मौजूद हैं, जो गौर के प्राकृतिक आवास के लिए आदर्श साबित हो सकते हैं

### यह देखेंगे विशेषज्ञ

विशेषज्ञ कहते हैं कि उक्त क्षेत्र इंडियन गौर के लिए उपयुक्त साबित होगा, क्योंकि यहां चारा, पानी पर्याप्त है गौर को पहाड़ियों से घिरा घास का मैदानी क्षेत्र अधिक भाता है, जो यहां पर्याप्त है, पानी की प्रचुरता है। सर्वे में सबकुछ ठीक रहा तो यहां देश-प्रदेश के अन्य स्थानों से गौर को लाने की संभावना फलीभूत हो जाएगी

### इन बिंदुओं पर सर्वे

- वीडीटीआर का पर्यावरण गौर के प्राकृतिक आवास के लिए उपयुक्त है
- रिजर्व में ऐसे शिकारी जीव मौजूद हैं, जो गौर के लिए खतरा बन सकते हैं
- यहां सालभर पर्याप्त घास, पत्तियां और जल स्त्रोत उपलब्ध रहते हैं
- गौर व स्थानीय ग्रामीणों के बीच टकराव का खतरा है
- रिजर्व प्रशासन गौर की सुरक्षा सुनिश्चित कर सकता है

### इनका कहना है

डीएफओ टाइगर रिजर्व डॉ. एआर अंसारी ने बताया कि देहरादून की टीम को सर्वे करना है। इसके बाद इंडियन बायसन को दूसरे रिजर्व अथवा अन्य स्थानों से लाया जाएगा। रिजर्व से दमोह जिले को निश्चित तौर पर कई क्षेत्रों को लाभ मिल सकता है। रिजर्व के कार्यों को लेकर उच्च स्तर से बहुत प्रक्रियाएं होना हैं।

# सिनर पहली बार मियामी ओपन जीत करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग नंबर-2 पर पहुंचे, सुमित नागल 95वें पायदान पर

विश्व रैंकिंग

**मियामी, एजेंसी**

भारत के शीर्ष एकल खिलाड़ी सुमित नागल को ताजा एटीपी रैंकिंग में दो स्थान का फायदा हुआ है। इससे वह अपने करियर की सर्वोच्च रैंकिंग 95वें स्थान पर पहुंच गए हैं। यह साल सुमित के लिए अच्छा रहा है और वह फरवरी से लगातार शीर्ष 100 में जगह बना रहे हैं। सुमित मंगलवार से मोरक्को में शुरू होने जा रहे ग्रांप्री हसन टूर्नामेंट में चुनौती पेश करने के उतरेंगे। इटली के 22 वर्षीय युवा खिलाड़ी जेनिक सिनर का मियामी ओपन में खिताब जीतने का सपना आखिरकार पूरा हो ही गया। टूर्नामेंट में दूसरी वरीय खिलाड़ी सिनर ने यहां खेले गए पुरुष एकल के फाइनल में जबरदस्त प्रदर्शन करते हुए 11वीं वरीय बुल्गारियाई खिलाड़ी ग्रिगोर दिमित्रोव को सीधे सेटों में 6-3, 6-1 से शिकस्त दी और पहली बार इस खिताब पर कब्जा कर लिया।



### तीसरे प्रयास में मिली खिताबी जीत

इटालियन खिलाड़ी सिनर के लिए मियामी ओपन जीतने का सफर आसान नहीं रहा और उन्हें तीसरे प्रयास के बाद चैंपियन बनने का मौका मिला है। इससे पहले, मियामी ओपन के फाइनल में पहुंचे थे लेकिन खिताब जीतने से चूक गए थे। सिनर के लिए अभी तक यह साल बेहद शानदार रहा है और उन्होंने अपना कुल तीसरा खिताब जीता। इससे पहले, उन्होंने साल का पहला ग्रैंड स्लेम ऑस्ट्रेलियन ओपन और फिर रोटरडम में ट्रॉफी जीती थी। नोवाक शीर्ष पर, अल्काराज को एक स्थान का नुकसानः पुरुष एकल विश्व रैंकिंग में सर्बियाई खिलाड़ी नोवाक जोकोविच का दबदबा कायम है और वह नंबर एक पर स्थित हैं। लेकिन स्पेनिश खिलाड़ी कार्लोस अल्कारेज को एक स्थान का नुकसान हुआ है और वह तीसरे स्थान पर खिसक गए हैं। मियामी ओपन के फाइनल में हारने वाले ग्रिगोर दिमित्रोव को तीन स्थान का फायदा हुआ है और वह नौवें नंबर पर पहुंच गए हैं।

## आईपीएलः हेड टु हेड में केकेआर 21-12 से आगे

# बैटिंग पिच पर आज PBKS - KKR: श्रेयस-रहाणे पर नजरें

**नईदिल्ली, एजेंसी**

आईपीएल 2025 के 31वें मैच में आज पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) का सामना कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) से होगा। मैच मुल्लांपुर के महाराजा यादवेंद्र सिंह इंटरनेशनल स्टेडियम में शाम 7.30 बजे से खेला जाएगा। दोनों टीमें सीजन पहली बार सामना होगा। डिफेंडिंग चैंपियन कोलकाता का इस सीजन सातवां मैच होगा। टीम 6 में से 3 जीत और 3 हार झेली है। दूसरी ओर पंजाब का छठा मुकाबला होगा। टीम 5 में से 3 मैच जीती, जबकि 2 में हार का सामना करना पड़ा है।



### हेड टु हेड में कोलकाता हावी

कोलकाता हेड टु हेड में पंजाब पर हावी है। दोनों टीमों के बीच अब तक कुल 33 आईपीएल मैच खेले गए हैं। 21 में कोलकाता और 12 में पंजाब को जीत मिली। पंजाब और कोलकाता के बीच पिछले 5 मैचों में 3 जीत के साथ पंजाब के पास थो?ी ब?त है। वहीं, कोलकाता ने सिर्फ दो मौकों पर बाजी मारी है।

### श्रेयस अय्यर टॉप स्कोरर

पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर टीम के टॉप स्कोरर हैं। उन्होंने 5 मैचों में कुल 250 रन बनाए है। सीजन के पहले मैच में उन्होंने गुजरात टाइटंस के खिलाफ 42 गेंदों में नाबाद 97 रनों की पारी खेली थी। वहीं, गेंदबाजी में अर्शदीप सिंह टीम के लिए सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले खिलाड़ी है। उन्होंने 5 मैचों में 7 विकेट लिए है।

### वरुण चक्रवर्ती टॉप विकेट टेकर

कप्तान अजिंक्य रहाणे केकेआर टॉप स्कोरर है। उन्होंने 6 मैचों में कुल 204 रन बनाए है। उन्होंने अपने पहले मैच में आरसीबी के खिलाफ 31 गेंदों में 56 रन की अर्धशतकीय पारी खेली थी। गेंदबाजी में वरुण चक्रवर्ती ने 6 मैचों में 8 विकेट झटके है। वे केकेआर के टॉप विकेट टेकर है। महाराजा यादवेंद्र सिंह इंटरनेशनल स्टेडियम की पिच बल्लेबाजों के लिए काफी मददगार साबित होती है। यहां हाई स्कोरिंग मैच देखने को मिल सकते हैं। यहां अभी तक आईपीएल के 7 मैच खेले गए हैं। 4 मैच में पहली इनिंग में बैटिंग करने वाली टीम और 3 में पहले चेज करने वाली टीम को जीत मिली है। यहां का हाईएस्ट टीम स्कोर 219/6 है, जो पंजाब ने पिछले मैच में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ बनाया था। मंगलवार को मुल्लांपुर का मौसम काफी ज्यादा गर्म रहेगा। यहां आज काफी तेज धूप रहेगी। बारिश की बिल्कुल भी संभावना नहीं है। तापमान 24 से 38 डिग्री सेल्सियस तक रह सकता है। हवा की रफ्तार 13 किलोमीटर प्रति घंटा रहेगी।

पॉसिबल प्लेइंग-12

**पंजाब किंग्स**- श्रेयस अय्यर (कप्तान), प्रियांश आर्य, प्रभसिमरन सिंह, शशांक सिंह, मार्कस स्टोइनिस, ग्लेन मैक्सवेल, सूर्यांश शेडगे, मार्को जानसन, जेवियर बार्टलेट, युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, नेहल वढेरा।

**कोलकाता नाइट राइडर्स** - अजिंक्य रहाणे (कप्तान), क्विंटन डी कोक (विकेटकीपर), सुनील नरेन, वेंकटेश अय्यर, रिंकू सिंह, मोइन अली, आंद्रे रसेल, रमनदीप सिंह, हर्षित राणा, वैभव अरोड़ा, वरुण चक्रवर्ती, अंगकृष रघुवंशी।

## धोनी ने 11 गेंद पर 26 रन बनाकर दिलाई जीत, चेन्नई 5 विकेट से जीता

**लखनऊ।** चेन्नई सुपर किंग्स ने लगातार 5 हार के बाद आईपीएल में दूसरी जीत दर्ज की। टीम ने लखनऊ सुपरजायंट्स को 5 विकेट से हराया। सोमवार को इकाना स्टेडियम में चेन्नई ने बॉलिंग चुनी। लखनऊ ने 7 विकेट खोकर 166 रन बनाए। चेन्नई ने 19.3 ओवर में टारगेट हासिल कर लिया। चेन्नई के कप्तान एमएस धोनी ने 11 गेंद पर 26 रन बनाए। शिवम दुबे ने 43, रचिन रवींद्र ने 37 और शेख रशीद 27 रन बनाए। रवींद्र जडेजा और मथीश पथिराना ने 2-2 विकेट लिए। लखनऊ से ऋषभ पंत ने फिफ्टी लगाई। रवि बिश्नोई ने 2 विकेट लिए। नंबर-7 पर बैटिंग करने उतरे धोनी ने तेज बैटिंग की। उन्होंने महज 11 गेंद पर 26 रन बनाए और टीम को जीत दिलाई। धोनी ने 1 छक्का और 4 चौके लगाए। उन्होंने शिवम दुबे के साथ छठे विकेट के लिए 57 रन की अहम पार्टनरशिप भी की। इसी पार्टनरशिप ने टीम को जीत दिलाई। शिवम दुबे ने इम्पैक्ट प्लेयर बनकर बैटिंग करने उतरे दुबे ने 37 गेंद पर 43 रन की नॉटआउट पारी खेली। उन्होंने ही 20वें ओवर में चौका लगाकर टीम को जीत दिलाई। मिडिल ओवर्स में बॉलिंग करने आए रवींद्र जडेजा ने 2 बड़े विकेट लिए। उन्होंने 3 ओवर में महज 24 रन खर्च किए। डेथ ओवर्स में बॉलिंग करने आए पथिराना थोड़े महंगे साबित हुए, लेकिन उन्होंने 2 बड़े विकेट भी झटक लिए। पथिराना ने ऋषभ पंत और शार्दूल ठाकुर को पवेलियन भेजा। लखनऊ से लेग स्पिनर रवि बिश्नोई ने किफायती गेंदबाजी की। उन्होंने 3 ओवर में महज 18 रन खर्च किए और 2 विकेट भी लिए। बिश्नोई ने राहुल त्रिपाठी और रवींद्र जडेजा को पवेलियन भेजा। बिश्नोई अगर चौथा ओवर फेंकते तो चेन्नई पर दबाव बना सकते थे। हालांकि, कप्तान ऋषभ पंत ने उन्हें चौथे ओवर के लिए बॉलिंग ही नहीं दी। चेन्नई ने 15वें में विजय शंकर का विकेट गंवाया। 5 ओवर में चेन्नई को 56 रन की जरूरत थी। यहां एमएस धोनी बैटिंग करने आए। उन्होंने शिवम दुबे के साथ छठे विकेट के लिए 57 रन की पार्टनरशिप की और टीम 20वें ओवर में जीत दिला दी। शिवम दुबे और एमएस धोनी ने छठे विकेट के लिए 57 रन की पार्टनरशिप की। शिवम दुबे और एमएस धोनी ने छठे विकेट के लिए 57 रन की पार्टनरशिप की। लखनऊ के निकोलस पूरन 357 रन बनाकर टूर्नामेंट के टॉप रन स्कोरर हैं।

# अफगानी महिला क्रिकेटर्स के लिए आईसीसी की मदद, बोर्ड ने कहा- आर्थिक सहायता करेंगे

**दुबई, एजेंसी**

इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) ने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड, क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड के साथ मिलकर अफगानिस्तान महिला क्रिकेटरों के लिए वित्तीय सहायता की घोषणा की है। जिम्बाब्वे में अपनी बोर्ड मीटिंग के दौरान कहा, अफगानी महिला क्रिकेट के लिए तीनों बोर्ड आर्थिक सहायता प्रदान करेंगे। साथ ही वर्ल्ड क्लास कोचिंग और सुविधाएं भी प्रदान की जाएगी। 2021 में तालिबान के आने के बाद से ही अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड (एसीबी) द्वारा कॉन्ट्रेक्टेड कुल 21 विमेंस क्रिकेटर ने अपना देश छोड़ दिया था। जिसके बाद इसी साल ऑस्ट्रेलिया में एक क्रिकेट मैच के लिए वे फिर से एकत्रित हुईं, जिससे उन पर सबका ध्यान गया। अफगानिस्तान में खेलने से प्रतिबंधित यह विमेंस क्रिकेटर कैनबरा और मेलबर्न में आकर क्रिकेट खेलते हैं। फिरोजा अमीरी और नाहिदा सपन अफगानी क्रिकेटर में से एक हैं, जिन्होंने ऑस्ट्रेलिया में शरण ली। सपन कार्नेगी क्लब के लिए खेलती हैं, जबकि अमीरी डैनडेनॉन्ग का प्रतिनिधित्व करती हैं। जय शाह ने इस योजना का ऐलान किया। इस योजना में इन खिलाड़ियों को पैसे की मदद, कोचिंग, अच्छी ट्रेनिंग सुविधाएं और मेंटल सपोर्ट दिया जाएगा। इस पहल में भारत, ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड भी साथ दे रहे हैं। जय शाह ने कहा, हम चाहते हैं कि ये खिलाड़ी फिर से अपने क्रिकेट करियर की शुरुआत कर सकें। हम सबको बराबरी का मौका देना चाहते हैं। अफगान महिला क्रिकेटरों के लिए आईसीसी वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए फंड बनाएगा। इस पहल में हाई लेवल परफॉर्मेंस शामिल होगा जिसमें कोचिंग और विश्व स्तरीय सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। इन खिलाड़ियों के लिए हाई लेवल कोच का चयन किया जाएगा।



मेट्रो बाजार

# उपलब्धिः विनिर्माण को मिल रहा बढ़ावा, देश में आया निवेश

**नईदिल्ली, एजेंसी**

सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, औषधि क्षेत्र में पिछले साल दिसंबर तक 25,813 करोड़ रुपये का निवेश मिला। यह 17,275 करोड़ रुपये के निवेश की उम्मीद से अधिक है। इस क्षेत्र के प्रमुख लाभार्थियों में डॉ. रेड्डीज लैब, सिप्ला, ग्लेनमार्क फार्मा, बायोकॉन और वॉकहार्ट शामिल हैं। सरकार की ओर से 14 क्षेत्रों के लिए शुरू की गई उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना से देश में दिसंबर, 2023 तक 1.06 लाख करोड़ रुपये का निवेश आया है। कुल निवेश में औषधि और सौर मॉड्यूल का योगदान करीब आधा रहा है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, पिछले साल दिसंबर तक सूचना प्रौद्योगिकी, हार्डवेयर, वाहन एवं इसके कलपुर्जे, कपड़ा और एसीसी (उन्नत रसायन सेल) बैटरी भंडारण जैसे क्षेत्रों में कम निवेश आया है। सरकार ने 2021 में 1.97 लाख करोड़ रुपये के खर्च के साथ दूरसंचार, इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं, कपड़ा, चिकित्सा उपकरणों के विनिर्माण, वाहन, विशेष स्टील, खाद्य उत्पाद, उच्च दक्षता वाले सौर पीवी मॉड्यूल, उन्नत रसायन बैटरी, ड्रोन और औषधि जैसे 14 क्षेत्रों के लिए पीएलआई योजना की घोषणा की थी। सौर पीवी मॉड्यूल क्षेत्र को मिले 22,904 करोड़ रुपये उच्च दक्षता वाले सौर पीवी मॉड्यूल में निवेश 22,904 करोड़ रुपये रहा। इस क्षेत्र से 1.10 लाख करोड़ के निवेश की उम्मीद थी। इसके लाभार्थियों में शिरडी साई इलेक्ट्रिकल्स, रिलायंस न्यू एनर्जी सोलर, अदाणी इंफ्रास्ट्रक्चर और टाटा पावर सोलर शामिल हैं।

## कोल इंडिया का उत्पादन 773.7 एमटी होने की संभावना

**मुंबई, एजेंसी।** कोल इंडिया लिमिटेड ने उम्मीद जताई है कि कंपनी 773.7 मिलियन टन (एमटी) उत्पादन करेगी, जो पिछले वर्ष की तुलना में 10 प्रतिशत अधिक होगा। हालांकि, यह कंपनी के निर्धारित लक्ष्य 780 मिलियन टन से कम है। कोल इंडिया के चेयरमैन पी एम प्रसाद ने हाल ही में एक निवेशक सम्मेलन में कहा था कि साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड में भूमि संबंधी कुछ उत्पादन बाधाओं के कारण कमी का अनुमान लगाया था। गौरतलब है कि कंपनी ने वित्त वर्ष 2023-24 में अपना अब तक का सबसे अधिक 703.2 मीट्रिक टन उत्पादन दर्ज किया था। रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने ने उत्तर पश्चिम भारतीय तटरक्षक क्षेत्र में सुविधाओं का जायजा लिया। पहले दिन इन्होंने ओखा में होवरक्राफ्ट रखरखाव इकाई (एचएमयू) के लिए तैयार बुनियादी ढांचे का उद्घाटन किया। अगले दिन गायत्री अरमाने ने इनाज गांव वेरावल में तटरक्षक ओटीएम और विवाह घर का उद्घाटन किया। रक्षा सचिव को ओखा में आईसीजी जेट्टी निर्माण कार्य की जानकारी दी गई। एनबीसीसी ने नौरोजी नगर डब्ल्यूटीसी को सबसे बड़ी बोली के साथ 1905 करोड़ रुपये में बेचा है। पावर फाइनेंस कार्पोरेशन लिमिटेड, सिक्यूरिटी प्रिंटिंग एंड मिंटिंग कार्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड और सोलर एनर्जी कार्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड ने करीब 4.8 लाख वर्ग फुट के वाणिज्यिक स्थान को खरीदा है। कंपनी ने 25 ई-नीलामियों के माध्यम से अब तक 30 लाख वर्ग फुट से अधिक के वाणिज्यिक स्थान को बेचकर 12,000 करोड़ रुपये से अधिक का बिक्री मूल्य प्राप्त किया है। उत्तर रेलवे ने स्क्रैप बिक्री में एक नया रिकॉर्ड बनाया है।

मनोरंजन | बॉलीवुड का कोना

### पाकिस्तानी एक्ट्रेस ने बताई आपबीती



# माहिरा से लोग कहते थे 'ये नाक नहीं खतरनाक है'

'हमसफर' जैसे पॉपुलर शोज करने वाली एक्ट्रेस माहिरा खान पाकिस्तान की जानी मानी अदाकारा हैं। माहिरा की इंडिया में भी अच्छी खासी फैन फॉलोइंग है। हालांकि, जब उन्होंने इंडस्ट्री में एंट्री की थी तो लोगों ने उन्हें नोज सर्जरी की सलाह दी थी। माहिरा ने एक इंटरव्यू में बताया था, अल्लाह की कसम मैं जब इस इंडस्ट्री में आई थी तो तब लोग मुझे कहते 'ये नाक नहीं खतरनाक है'। ये उस समय की बात जब हर कोई नोज सर्जरी करवाने की बात करता था और मैं ऐसे थी कि नहीं, नाक नहीं कटाऊंगी।

**इन फिल्मों में दिखीं माहिराः** बता दें कि माहिरा को शो हमसफर से नेम-फेम मिला। उन्होंने 2011 में फिल्म बोल से करियर की शुरुआत की थी। वो बिन रोए, मंटो, हो मन जहां, वर्ना, 7 दिन मोहब्बत इन, सुपरस्टार जैसी फिल्में कर चुकी हैं। उन्होंने बॉलीवुड फिल्म में भी काम किया है। वो 2017 में आई शाहरुख खान की फिल्म रईस में लीड एक्ट्रेस के रोल में दिखीं थी। ये फिल्म फ्लॉप हुई थी। माहिरा को ये फिल्म शाहरुख की सास की वजह से मिली थी। माहिरा ने खुद इसके बारे में बताया था। एक इंटरव्यू में कहा था-मैं शो हमसफर के लिए भारत गई थी। फिर मुझे फिल्म रईस के लिए कॉल आया था। मुझसे कहा गया कि उन्होंने मुझे टीवी पर देखा था। शाहरुख खान की मान ने मुझे हमसफर में देखा था और उन्होंने शाहरुख से कहा था कि इस लड़की को अप्रोच करो। इसके बाद मुझे वो फिल्म मिली थी। टीवी शोज की बात करें तो उन्होंने नीयत, सदके तुम्हारे, बिन रोए, रजिया और हम कहां के सच्चे थे जैसे पाक ड्रामा में दिख चुके हैं।

# सलमान ने दी थी रणदीप को नसीहत, बात न मानने पर बेचना पड़ा घर

रणदीप हुड्डा इन दिनों अपनी फिल्म 'जाट' को लेकर चर्चा में बने हुए है। फिल्म को दर्शकों की तरफ से अच्छा रिस्पॉन्स मिला है। वहीं फिल्म में रणदीप की एक्टिंग की खूब तारीफ हुई है। उन्होंने के अलावा और भी कई सारी बातों का खुलासा किया। एक इंटरव्यू के दौरान रणदीप ने सलमान खान संग अपनी बॉन्डिंग को लेकर बात की। उन्होंने बताया कि भाईजान ने उन्हें हमेशा ज्यादा पैसे कमाने की राय दी है। वहीं रणदीप ने



सुपरस्टार को अपना ब्रो भी बताया है। हम जब भी मिलते हैं तो हमारी बातें ज्यादातर बॉडी और काम को लेकर होती है। सलमान खान ने मुझे हमेशा ज्यादा काम और ज्यादा पैसा कमाने की सलाह दी है। वे मुझसे हमेशा यही कहते हैं कि अगर मैंने अभी काम करके अपना भविष्य नहीं बनाया, तो मुझे आगे चलकर कई सारी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। एक्टर आगे कहते हैं वे मुझे हमेशा बहुत अच्छी सलाह देते हैं, लेकिन मेरे सोचने का तरीका थोड़ा अलग है। मैं उनकी सारी बातें सुनता हूं और उसे फॉलो करने की कोशिश करता हूं, मैंने खुद को पूरी तरह से तो बदल नहीं सकता लेकिन मैं फिर भी कोशिश करता हूं. वे काफी अच्छे थिंकर हैं। मैं थोड़ा इमोशनल हूं, बता दें सलमान खान के साथ रणदीप हुड्डा ने तीन फिल्मों में काम किया है, जिनमें से दो फिल्में बॉक्स ऑफिस पर हिट साबित हुई. इनमें सुल्तान, राधे और किक शामिल हैं।

# जाह्नवी-शिखर पहाड़िया के रिश्ते पर बोनी कपूर ने लगाई मुहर, बनेंगे कपूर खानदान के दामाद!

जाह्नवी कपूर और शिखर पहाड़िया बॉलीवुड गलियारे में चर्चा में बने रहते हैं। दोनों को ही अक्सर एक साथ छुट्टियां मनाते और पब्लिक प्लेस पर साथ निकलते देखा जाता है। इसके बावजूद भी दोनों ने कभी अपने रिश्ते की अटकलों पर कोई रिएक्शन नहीं दिया है। हाल ही में बोनी कपूर ने दोनों के बारे में बात की। आइए जानते हैं उन्होंने क्या कहा। कई मौकों पर शिखर पहाड़िया को जाह्नवी कपूर की फैमिली के साथ समय बिताते हुए देखा जाता है और पब्लिक इवेंट्स में उन्हें जाह्नवी के पिता बोनी कपूर के साथ भी विजिट किया गया है। हाल ही में एक इंटरव्यू में बोनी कपूर ने शिखर के साथ



अपने रिश्ते के बारे में बात की।


### पिता बोनी ने शिखर पहाड़िया की जमकर तारीफ की

बोनी कपूर से हाल ही में उनकी बेटी जाह्नवी कपूर के कथित बॉयफ्रेंड शिखर पहाड़िया के साथ उनके रिश्ते के बारे में पूछा गया। इस पर कपूर ने उनकी तारीफ करने का मौका नहीं छोड़ा। शिखर की तारीफ करते हुए उन्होंने आगे कहा, मैं उन्हें प्यार करता हूं। कुछ साल पहले जब वह जान्हवी के साथ नहीं थे, लेकिन मैं तब भी उनके साथ फ्रेंडली था।

### क्या लगेगी उनके रिश्ते पर मुहर?

जाह्नवी के रिलेशनशिप पर बात करते हुए बोनी कपूर ने आगे कहा, मुझे यकीन था कि वह जाह्नवी के लिए कभी एक्स नहीं होंगे। वह हमेशा आसपास रहेंगे। इतना कहकर बोनी कपूर ने दोनों के रिश्ते को लेकर बड़ा हिंट दिया है। हो सकता है भविष्य में जल्द ही अटकलों पर मुहर लग जाए।

# युवती ने फांसी लगा कर की आत्महत्या



**भोपाल।** ईटखेड़ी थाना क्षेत्र गांव रायपुर में एक युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। घटना के समय वह घर में अकेली थी, जबकि माता-पिता रिश्तेदार के घर भंडारे में गए थे। पुलिस ने पीएम के बाद शव परिजन को सौंप दिया है। पुलिस ने मृतका का मोबाइल जब्त किया है। पुलिस के अनुसार 21 साल की साधना पिता सतीराम सिलावट रायपुर गांव में रहती थी। वह बीए सेकंड ईयर पास थी। साधना मंडीदीप में प्राइवेट नौकरी करती थी, लेकिन एक अप्रैल को उसने नौकरी छोड़ दी थी। रविवार को उसके माता-पिता रिश्तेदार के घर भंडारे में शामिल होने गए थे। रात 9 बजे लौटे तो साधना फांसी के फंदे पर लटकी मिली। साधना चार भाई-बहनों में दूसरे नंबर की थी। परिजन ने बताया कि नौकरी छोड़ने के बाद से ही गुमशुम रहने लगी थी। पेट दर्द से परेशान महिला ने लगाई फांसी इधर, कोलार थाना क्षेत्र स्थित कजलीखेड़ा में रहने वाली किरण बंजारे (35) पति भानू ने रविवार रात फांसी लगा ली। भानू एक निजी अस्पताल में काम करता है। उनके दो बच्चे हैं। एक 12 साल का बेटा और 6 साल की बच्ची है। किरण को पेट दर्द की शिकायत रहती थी। इसके चलते वह परेशान रहती थी। इसका इलाज भी चल रहा था। मृतका के परिजन ने किसी प्रकार का शक जाहिर नहीं किया है।

# शादी का प्रलोभन देकर फेसबुक फ्रेंड से दुष्कर्म

**भोपाल।** बाग सेवनिया पुलिस ने मॉल में काम करने वाली 25 साल की युवती की शिकायत पर लिव-इन पार्टनर के खिलाफ दुष्कर्म व दैहिक शोषण समेत अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। आरोपी से पीड़िता की मुलाकात फेसबुक पर हुई थी। इसके बाद शादी का प्रलोभन देकर आरोपी दैहिक शोषण कर रहा था। गत दिनों पीड़िता को पता चला कि कथित प्रेमी ने किसी अन्य युवती को पसंद कर लिया है और 15 दिन बाद शादी होने वाली है। पुलिस के अनुसार मूलरूप से जिला बैतूल निवासी 25 साल की युवती यहां बाग सेवनिया इलाके में रहती है और एक मॉल में प्राइवेट नौकरी करती है। साल 2021 में युवती की दोस्ती फेसबुक के माध्यम से लोकेश सिंह ठाकुर से हुई थी। लोकेश आईटीआई पासआउट है और वो भी बैतूल जिले का रहने वाला है। प्रेम-प्रसंग शुरू होने के बाद जून 2024 से युवती और लोकेश लिव-इन में रहने लगे। इस दौरान आरोपी लोकेश ने शादी का झांसा देकर युवती के साथ दुष्कर्म किया और बाद में लगातार दैहिक शोषण करता रहा। पिछले दिनों युवती को पता चला कि लोकेश उसे धोखा दे रहा है। उसने किसी और लड़की को पसंद कर लिया है और आगामी 30 अप्रैल को उसकी शादी है। यह बात पता चलते ही पीड़िता ने उस पर शादी का दबाव बनाया, लेकिन उसे साफ इनकार कर दिया।



# तेज रफ्तार ऑटोरिक्शा पलटा, चालक की मौत

**भोपाल।** बागसेवनिया थाना क्षेत्र स्थित नर्मदापुरम सड़क पर विज्ञान भवन के सामने तेज रफ्तार आटो डिवाइडर से टकराकर पलट गया। इस हादसे में आटो चालक को सिर में गंभीर चोट आई थी। उसे इलाज के लिए एम्स ले जाया गया, वहां इलाज के दौरान रविवार शाम उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार घनश्याम पिता नारायण सिंह रजक (40) जाटखेड़ी मिसरोद में रहता था और आटो चलाता था। शनिवार को वह भंडारे में शामिल होने गया था। वहां से शनिवार रविवार की दरमियानी रात करीब दो बजे अपने घर लौट रहा था। विज्ञान भवन के पास पहुंचते ही उसका आटो अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराया और पलट गया। इस हादसे में उसे सिर में गंभीर चोट आई थी। उसे एम्स ले जाया गया, वहां रविवार शाम करीब छह बजे उसकी मौत हो गई।

## पुलिस ने एसिड अटैक की फर्जी शिकायत का किया खुलासा

# सुतली बम जलाते समय मुंह झुलसा, पड़ोसी को फंसाने रची एसिड अटैक की कहानी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

पिपलानी पुलिस ने एसिड अटैक की फर्जी शिकायत का भंडाफोड़ कर दिया है। युवक का मुंह एसिड से नहीं झुलसा था, बल्कि सुतली बम जलाते समय उसका मुंह झुलसा था। मुंह झुलसने के बाद युवक ने पड़ोसी को फंसाने के लिए एसिड अटैक की झूठी कहानी रच दी। पुलिस ने उक्त मामले में झूठी शिकायत दर्ज कराने वाले युवक पर प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार दौलतपुरा, कोकता निवासी सूरज शर्मा (19) फेब्रिकेशन का काम करता है। उसने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया था कि 4 अप्रैल शुक्रवार शाम उसकी गाय जंगल से घर नहीं लौटी। वह गाय को जंगल लेने पहुंचा। इस दौरान उससे 100 मीटर की दूरी पर उसका भाई गौरव भी था। सूरज का कहना था कि दो बाइक पर चार लोग आए और उसके चेहरे पर एसिड फेंककर चले गए। पुलिस ने गौरव से पूछताछ की तो उसने बताया कि आटो में सवार होकर युवक आया और उसने बड़े भाई सूरज पर कोई लिक्विड फेंक दिया। वह भाई के पास पहुंचता जब तक आटो वाला और युवक फरार हो चुके थे। वह भाई को अस्पताल लेकर पहुंचा। वहां उसका इलाज चल रहा है।



### बयान में थे विरोधाभास

आनंद नगर चौकी प्रभारी एसआई संतोष रघुवंशी ने बताया कि दोनों भाइयों के बयान में विरोधाभाष थे, लेकिन सूरज का चेहरा झुलसा हुआ था। लिहाजा पीड़ित की शिकायत पर एफआईआर दर्ज कर ली गई। पुलिस ने जांच की तो पता चला कि सूरज ने अपने पड़ोसी से विवाद का बदला लेने एसिड अटैक की कहानी रची है।

### सीसीटीवी कैमरे में बताया गया आरोपी आया नजर

सूरज ने जिस पर एसिड अटैक करने के आरोप लगाए थे पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की तो पता चला कि घटना के समय वह जिस दुकान में काम करता है उसी दुकान में था। दुकान के सीसीटीवी फुटेज मालिक ने पुलिस को सौंप थे। पुलिस ने बयान और सीसीटीवी फुटेज में सूरज द्वारा बताए गए आरोपी की लोकेशन देखी। इसके बाद सूरज से पूछताछ की। सख्ती से पूछताछ करने पर सूरज ने बताया कि वह सुतली बम जला रहा था। बम सीड़न से जल नहीं रहा था। उसने कचरे में आग लगाकर रस्सी बम जलाना चाहा, लेकिन कचरा भी जल नहीं रहा था। उसने बाइक से पेट्रोल निकालकर कचरे पर छिड़क दिया और माचिस की तीली रगड़ते ही कचरा भभक उठा। इससे

## ट्रेवल्स की कार किराए पर लेकर जबलपुर में बेचने का प्रयास

**भोपाल।** अयोध्या नगर इलाके के एक टूर एंड ट्रेवल्स की कार किराए पर लेकर जबलपुर में बेचने का प्रयास किया गया। मुखबिर की सूचना पर जबलपुर पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर कार जब्त कर ली और घटना की सूचना गाड़ी के रजिस्ट्रेशन नंबर के आधार पर ट्रेवल्स संचालक दंपति को दी। अयोध्या नगर पुलिस ने अमानत में खयानत की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक बैरसिया क्षेत्र में रहने वाली रिक्की खलको पत्नी हेमंत कुशवाह (24) अपने पति के साथ अयोध्या बायपास रोड पर टूर एंड ट्रेवल्स का ऑफिस संचालित करती हैं। कुछ दिन पहले यश शुक्ला नामक व्यक्ति ने उनकी एक कार किराए पर ली थी। आरोपी यश कार लेकर जबलपुर पहुंचा और वहां औने-पौने दाम में कार बेचने का प्रयास करने लगा। जबलपुर पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर संचालिका को दी सूचना इस बीच मुखबिर की सूचना पर जबलपुर पुलिस ने यश शुक्ला को हिरासत में लेकर कार जब्त कर ली। जबलपुर पुलिस ने आरोपी यश के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। वहीं कार के रजिस्टर्ड नंबर के आधार पर ट्रेवल्स संचालक दंपति को भी सूचना दे दी। रिक्को खलको और उनके पति अयोध्या नगर थाने पहुंचे और यश शुक्ला के खिलाफ अमानत में खयानत का प्रकरण दर्ज करा दिया।

## लापरवाही से बाइक चलाने की समझाइश देने पर मीडियाकर्मियों से बाइकर्स ने की मारपीट

**भोपाल।** मिसरोद थाना क्षेत्र स्थित दानिश नगर चौराहा पर रविवार-सोमवार की दरमियानी रात बाइकर्स गैंग ने दो मीडियाकर्मियों से मारपीट कर दी। दोनों को गंभीर चोट आई है। मिसरोद पुलिस साधारण धाराओं में एफआईआर दर्ज कर आरोपियों की तलाश कर रही है। जानकारी के मुताबिक, रात करीब डेढ़ बजे मिसरोद क्षेत्र के एक अखबार के दफ्तर से मीडियाकर्मी विशेष कुमार अपने साथी विजय कुमार के साथ मिसरोद से एमपी नगर अपने घर जा रहे थे। दानिश नगर चौराहा के पास बाइकर्स गैंग में शामिल एक बाइक के बाइकर्स ने विशेष की बाइक के पास से तेजी से बाइक निकाली। इसका विशेष ने विरोध किया। तभी बाइकर्स गैंग के युवकों ने दोनों को रोककर उनके साथ मारपीट कर दी।

# झुग्गी का ताला तोड़कर जेवरात चुराने वाला आरोपी गिरफ्तार

**अपने साथी के साथ मिलकर की थी वारदात, फरार आरोपी की तलाश जारी**

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

पिपलानी पुलिस ने झुग्गी का ताला तोड़कर जेवरात चुराने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी से 11 ग्राम चांदी जब्त की गई है। जबकि उसके साथी की तलाश की जा रही है। पुलिस के अनुसार बाबू लाल लोगरे ने शिकायत करते हुए बताया कि 28 फरवरी को वह झुग्गी में ताला लगाकर परिवार के साथ निमावर पंचकोशी यात्रा पर गए थे। 3 मार्च को की सुबह पड़ोसी ने बताया कि तुम्हारी झुग्गी का गेट टूटा है। वे भोपाल लौटे तो मुख्य दरवाजे का नीचे तरफ का पल्ला बीच से मुड़ा हुआ था। अंदर जाकर देखने पर पता चला कि दो गोदरेज की आलमारियों का सामान बिखरा पड़ा है। दोनों अलमारियों के लॉकर टूटे थे। उसमें रखे जेवरात चांदी की दो करधनी एक आधी कमर की करधनी, पहनने वाली बिछिया, तीन जोड़ और सोने का मंगल सूत्र चार टाप्स, गले का लाकेट, नगदी पैसे चोरी हो चुका था। उनके अलावा उनके बड़े भाई संतोष लोंगरे के घर में भी चोरी हुई थी। पुलिस ने घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगाले। इसके अलावा मुखबिर तंत्र सक्रिय किया। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने एक संदेही मोना उर्फ मोनू जोशी पिता स्व कामताप्रसाद जोशी (20) को हिरासत में लिया। पूछताछ में उसने अपने साथी मुन्ना कबाड़ी के साथ मिलकर घटना को अंजाम देना स्वीकार लिया। पुलिस आरोपी मुन्ना कबाड़ी की तलाश कर रही है।



## हमीदिया की महिला गार्ड का बाइक सवारों ने झपटा मोबाइल

**भोपाल।** गौतम नगर थाना क्षेत्र में ड्यूटी पर जा रही हमीदिया अस्पताल की महिला गार्ड से बाइक सवारों ने मोबाइल झपट लिया। घटना रविवार रात की है। गौतम नगर पुलिस ने झपटमारी का प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार निशातपुरा इलाके में रहने वाली अनीता रजक पत्नी सुखराम रजक (45) हमीदिया अस्पताल में गार्ड की नौकरी करती है। रविवार रात करीब नौ बजे वह ड्यूटी पर जाने के लिए घर से निकली थीं। प्रेम नगर पुलिया के आगे से उन्हें ऑटो में सवार होकर अस्पताल जाना था। जैसे ही वह प्रेम नगर पुलिया के पास पहुंचीं, तभी पीछे से आए बाइक सवार दो बदमाशों में से एक बदमाश ने उनके हाथ से मोबाइल झपट लिया और देखते ही देखते घटनास्थल से फरार हो गए।

# गांजा तस्कर से पांच किलो गांजा हुआ जब्त



**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

क्राइम ब्रांच ने लालघाटी गेस्ट हाउस के पीछे से एक तस्कर को गिरफ्तार कर उसके पास से 4 किलो 900 ग्राम गांजा जब्त किया है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धाराओं में एफआईआर दर्ज कर गांजे के बारे में पूछताछ की जा रही है। क्राइम ब्रांच के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली कि गेस्ट हाउस के पीछे लालघाटी पर एक संदिग्ध थैले में गांजा लिए घूम रहा है। क्राइम ब्रांच की टीम मुखबिर के बताए ठिकाने पर पहुंची तो एक संदिग्ध बैठा हुआ नजर आया। पुलिस ने घेराबंदी करते हुए उसे दबोच लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम अन्नू उर्फ अनवर (62) मदर इंडिया कॉलोनी ईदगाह हिल्स शाहजहांनाबाद बताया। अनवर की थैली की तलाशी ली गई तो दो पैकेटों में कुल 4 किलो 900 ग्राम गांजा बरामद किया।

**मेट्रो एंकर** ऑनलाइन टास्क जॉब देने के लिए टेलीग्राम पर बनाते है ग्रुप

# ऑनलाइन जॉब में लाभ कमाने का झांसा देकर ठगी करने वाले दो युवक गिरफ्तार

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

साइबर क्राइम ब्रांच की टीम ने टास्क कंप्लीट करने के नाम झांसा देकर रुपए ऐंठने वाले दो आरोपियों को अहमदाबाद (गुजरात), श्रीडूंगरगढ़ जिला बीकानेर (राजस्थान) से गिरफ्तार किया। जालसाजों ने प्रकृति गार्डन बावड़िया कला में रहने वाली एक महिला को ऑनलाइन जॉब में लाभ कमाने का प्रलोभन देकर टास्क कंप्लीट करने टेलीग्राम ग्रुप पर जोड़ा था। बाद में लाभ को विड्रॉल करने के नाम पर 5 लाख 95 हजार रुपए उनसे ऐंठ लिए थे।

जानकारी के अनुसार आवेदिका पूजा द्विवेदी पति बालेन्द्र द्विवेदी, प्रकृति गार्डन बावड़िया कला भोपाल में रहती हैं। उन्होंने साइबर क्राइम ब्रांच में एक शिकायती आवेदन दिया था। आवेदन के माध्यम से उन्होंने बताया कि 7 नवंबर 2024 को उनके टेलीग्राम पर मैसेज आया। मैसेज में घर बैठे ऑनलाइन जॉब के माध्यम से फ्लाइट के होटल बुक कर फाइव स्टार रेटिंग देने पर रुपए कमाने का लालच दिया गया। इसके बाद अज्ञात टेलिग्राम ग्रुप पर उन्हें जोड़ लिया गया। जिसमें घर बैठे टॉस्क कंप्लीट करने के नाम पर उनसे रुपए डिपाजिट करवाए गए। विड्राल कराने के नाम पर अधिक राशि डिपाजिट करने उनसे 5 लाख 94 हजार 795 रुपए खाते में डिपाजिट करवा लिए गए। सायबर क्राइम ब्रांच की टीम ने प्रकरण दर्ज कर तकनीकी जांच की। जांच के बाद पुलिस ने अहमदाबादी कनकभाई पिता निमेश भाई (32) गीता नगर, सोसायटी चमनपुरा अहमदाबाद गुजरात और हंसराज गोदारा पिता ओमप्रकाश गोदारा (22) उपनी श्रीडूंगरगढ़ राजस्थान को गिरफ्तार किया। आरोपी अहमदाबादी कनकभाई महज दसवीं कक्षा तक पढ़ा है और खाते किराए पर देता था और बेचता था। इसी प्रकार हंसराज 12वीं पास है और सायबर ठगों को खाते किराए पर देता था और बेचता था।



**इस तरह करते हैं वारदात-** आरोपियों द्वारा घर बैठे ऑनलाइन जॉब दिलाने के नाम पर टेलीग्राम चेनल में ज्वाइन कराया जाता है और टेलीग्राम चेनल से फ्लाइट टिकट बुक कर रेटिंग देने का टास्क दिया गया था। जिसके लिए फेक वेबसाइट का लिंक भेजकर रजिस्ट्रेशन कराया जाता था। कम रुपए डिपाजिट करवाकर अधिक रकम आवेदिका के खाते मे भेजी जाती है, जिससे विश्वास हो जाने पर पुनः ऑनलाइन जॉब में टास्क कंप्लीट करने पर प्रॉफिट दिलाने के नाम पर मोटी रकम कमाने का लालच दिया जाता था। इस प्रकार घटना को अंजाम दिया जाता था।






स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 (*पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022